सुप्रभात
रांची, बुधवार
01.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 199

12 100 लोगों की मौत से गम में डूबा पाकिस्तान

## न्यूज डायरी

### दुष्कर्म मामले में आसाराम को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** गुजरात के गांधीनगर की एक अदालत ने आसाराम बापू को एक पूर्व महिला अनुयायी से दुष्कर्म के मामले में उम्र कैद की सजा सुनायी। अदालत ने सोमवार को उन्हें दोषी करार दिया था। विशेष लोक अभियोजक आरसी कोडेकर सत्र अदालत के न्यायाधीश डी के सोनी ने सजा पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनी और फैसला सुनाया। आसाराम बापू (81) अभी जोधपुर की एक जेल में बंद है, जहां वह राजस्थान में 2013 में अपने आश्रम में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के एक अन्य मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

### घूस लेत राजस्वकर्मी रंगेहाथ गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** एसीबी ने लेस्लीगंज अंचल हल्का नंबर छह के कर्मचारी धीरेन्द्र दीक्षित को दस हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। हल्का कर्मचारी जमीन के दाखिल खारिज के एवज में घूस ले रहा था। गिरफ्तार करने के बाद हल्का कर्मचारी को एसीबी कार्यालय लाया गया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### चाईबासा : तीन नक्सली हथियार समेत धराये

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस बल को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बंदगांव इलाके से मुठभेड़ में शामिल पीएलएफआई के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के पास से एके-47, 33 जिंदा कारतूस, दो मैगजीन, कट्टा, पीएलएफआई पर्चा, मोटरसाईकिल सहित अन्य समान बरामद किया है। गिरफ्तार उग्रवादी में लौकी सांडीपूर्ति, बिरसा डहंगा और सुखराम सांडीपूर्ति का नाम शामिल है।

### रामगढ़ उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रामगढ़।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी। 7 फरवरी तक प्रत्याशी पर्चा दाखिल कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि रामगढ़ विधानसभा सीट के लिए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

### स्पेशल कोर्ट से विधायक प्रदीप यादव बरी

**दुमका।** जिले के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश जितेंद्र राम ने साक्ष्य के अभाव में मंगलवार को पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को एक मामले में बरी कर दिया। पोड़ैयाहाट थाना में 2017 को प्रदीप यादव के खिलाफ सीओ विजय कुमार ने एक मामला दर्ज कराया था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

**बजट सत्र शुरू :** अभिभाषण में राष्ट्रपति ने सर्जिकल स्ट्राइक, 370 और तीन तलाक का किया जिक्र

# बिना डरे फैसले लेने वाली सरकार : द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही मंगलवार को संसद का बजट सत्र शुरू हो गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया। बुदवार को वित्त मंत्री आम बजट पेश करेंगी। संसद के संयुक्त सत्र को पहली बार संबोधित करती हुई राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में मजबूत इच्छाशक्ति वाली सरकार है, जो बिना डरे काम कर रही है। इसके लिए राष्ट्रपति ने सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद पर सख्ती, आर्टिकल 370 और तीन तलाक का हवाला दिया। एक घंटा दो मिनट के अपने अभिषाषण में उन्होंने सरकार को लगातार दो बार मौका देने के लिए लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा- हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है, जहां गरीबी न हो और मध्यम वर्ग वैभव से युक्त हो। उन्होंने गरीबों को मुफ्त अनाज की स्कीम जारी रखने की बात कही। मुर्मू ने रेहड़ी वालों की बात की, तो 11 करोड़ छोटे किसानों की मदद के लिए सवा दो लाख करोड़ रुपए की सम्मान निधि का जिक्र भी किया। राष्ट्रपति ने कहा, कुछ ही महीने पहले देश ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे कर अमृतकाल में प्रवेश किया। अमृतकाल के 25 साल का कालखंड स्वतंत्रता की स्वर्णिम शताब्दी और विकसित भारत के निर्माण का वक्त है। हमारे सामने युग निर्माण का अवसर है। इसके लिए शत-प्रतिशत सामर्थ्य के साथ काम करना है। हमें



2047 तक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है, जिसमें अतीत का गौरव और आधुनिकता का हर स्वर्णिम अध्याय हो। हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। जहां गरीबी न हो। युवा समय से दो कदम आगे चलते हों। ऐसा भारत हो, जिसकी विविधता और उज्ज्वल और एकता और ज्यादा अटल हो। हम दुनिया की 10वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर पर पहुंच गये हैं। यही वह नींव है, जो आने वाले 25 साल में विकसित भारत के आत्मविश्वास को बुलंद करेगी। आज भारत में स्थिर, निडर और निर्णायक सरकार है, जो बड़े सपनों के लिए काम करती है। ईमानदार का सम्मान करने वाली सरकार है। (शेष पेज 11 पर)

## तकरार के साथ तकरीर भी तो होनी चाहिए : पीएम मोदी

### देश पहले-देशवासी पहले, हमारा लक्ष्य



**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद भवन में विपक्षी सांसदों से बड़ी अपील की है। सत्र से पहले उन्होंने मुस्कान के साथ विपक्षी सांसदों से कहा कि तकरार तो होनी ही चाहिए लेकिन तकरीर भी होनी चाहिए। पीएम ने विपक्षी सांसदों को इशारों में बहुत कुछ कह दिया। उन्होंने कहा, मुझे आशा है सदन देश की नीति निर्धारण में बहुत ही अच्छी तरह से चर्चा करके अमृत निकालेगा। मोदी ने कहा- बजट से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। दुनिया भर की निगाहें भारत पर टिकी हैं। पीएम ने कहा, हमारा लक्ष्य देश पहले-देशवासी पहले होना चाहिए। विपक्ष पूरी तैयारी के साथ आया है। हम बहुत अच्छी तरह मंथन करके देश के लिए अमृत निकालेंगे। मोदी ने कहा कि आज बजट सत्र का आरंभ हो रहा है। चारों तरफ से सकारात्मक संदेश लेकर आ रही है। श्री मोदी ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि आज एक अहम अवसर है। भारत के वर्तमान राष्ट्रपति की आज पहली बार संयुक्त सदन को संबोधित करेंगी। आज नारी सम्मान का भी अवसर है। (शेष पेज 11 पर)

## वित्त मंत्री आज पेश करेंगी आम बजट



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2023-24 का आम बजट बुधवार को लोकसभा में पेश करेंगे। इसके साथ ही वह रेलवे का वार्षिक लेखाजोख और योजनाओं के प्रस्ताव को भी प्रस्तुत करेंगी। यह उनका पांचवा बजट होगा। यह लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार का अंतिम पूर्ण बजट है। मोदी सरकार साल 2014 से अब तक कुल 9 बजट पेश कर चुकी है और यह उसका 10वां बजट है। बजट पेश करने पूर्व बजट प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए बुधवार को सुबह पीएम मोदी की अध्यक्षता में बजट बैठक होगी। परंपरागत रूप से यह बजट बैठक संसद में आम बजट पेश किये जाने के ठीक पहले संसद भवन में ही आयोजित की जाती है।

### सीतारमण ने आर्थिक सर्वे पेश किया

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद दोपहर करीब एक बजे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। आर्थिक सर्वे में विकास दर 6 से 6.8% रहने का अनुमान है। वहीं जीडीपी की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2022 से मार्च 2023) में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। समीक्षा में कहा गया, 'ज्यादातर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत ने चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना किया। आर्थिक सर्वे देश की आर्थिक हालत का लेखा-जोखा होता है। इसमें बीते साल का हिसाब-किताब और आने वाले साल के लिए सुझाव, चुनौतियां और समाधान का जिक्र रहता है। (पेज 12 भी देखें)

# बहुमंजिली इमारत में आग, 16 की मौत

### कई झुलसे, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका सभी फ्लैट खाली कराये

## धनबाद के आशीर्वाद टावर में लगी आग ने लिया विकराल रूप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जोड़ा फाटक स्थित बहुमंजिली इमारत आशीर्वाद टावर मंगलवार शाम भीषण आग लगने से 16 लोगों के झुलस कर मौत हो जाने की आशंका है। एसपी संजीव कुमार ने दस की मौत की पुष्टि की है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अस्पताल में 16 शव लाये जा चुके हैं। हादसे में करीब 20 लोग गंभीर रूप से झुलस गये हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई लोगों की हालत गंभीर है। सभी घायलों को एसएनएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से जिले के सभी थाना तथा पुलिस लाइन से विशेष अतिरिक्त बल मंगा लिया गया है। 25 से अधिक एंबुलेंस आग पर काबू पाने में लगी हुई है। 100 से ज्यादा लोग बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए हैं। शहर के व्यस्ततम इलाके लगी आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी जुटे हैं। आग पहले दूसरे तल्ले पर लगी। देखते-देखते तीसरे तल्ले तक पहुंच गयी और भयावह रूप ले लिया।



### मातम में बदला घर में शादी माहौल

सातवें तल्ले के फ्लैट में रहने वाले बीसीसीएल कर्मी ने बताया कि जिस घर में आग लगी है, उनके घर पर शादी थी। मंगलवार को ही सिद्धि विनायक होटल में पार्टी थी। आग की वजह से खुशियों भरा घर मातम में डूब गया। बताया जा रहा है कि किसी बच्चे ने घर में जल रहे दीया को गिरा दिया जिससे आग पकड़ ली। आग से गैस सिलिंडर में धमाका हो गया और आग तेज हो गयी। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।

**आग सुरक्षा यंत्र काम नहीं कर रहा :** बताया जा रहा है कि अपार्टमेंट के अंदर आग सुरक्षा का कोई भी तंत्र काम नहीं कर रहा था। दमकल की दो गाड़ियां ही अपार्टमेंट में प्रवेश कर पा रही हैं। दमकल की अन्य गाड़ियों को अपार्टमेंट के बाहर रखा गया है। दो गाड़ियों में पानी खत्म हो जाने के बाद फिर से अपार्टमेंट में दमकल की गाड़ियों को प्रवेश कराया जा रहा है। बीसीसीएल की रेस्क्यू टीम की भी मदद ली जा रही है। रेस्क्यू टीम द्वारा आग में झुलसे लोगों को बाहर निकाला जा रहा है। हादसे में दो महिलाओं और एक 5 साल की बच्ची के भी मारे जाने की खबर है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हादसे में मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि कई लोग अभी भी इमारत में फंसे बताये जा रहे हैं। डराने वाली बात यह कि इमारत में आग नीचे से लगी है जिसके ऊपर के फ्लैट तक पहुंचने की आशंका हैं। (शेष पेज 11 पर)

## हजारीबाग और चाईबासा में भी आग से चार जिंदा जले

**खबर मन्त्र समवाददाता**

### मरनेवालों में तीन मासूम बच्चे और एक बुजुर्ग

**रांची।** झारखंड में एक ही दिन में अगलगी को दो वारदात में चार लोगों की जान चली गयी। मरने वालों में तीन मासूम बच्चे हैं। एक घटना हजारीबाग में घटी तो दूसरी घटना चाईबासा में हुई। तीन दिन पहले धनबाद में एक अस्पताल में अगलगी की वारदात में 6 लोगों की जान चली गयी थी। वहीं मंगलवार की रात हजारीबाग और चाईबासा में अगलगी की भीषण वारदात में 4 लोगों की मौत हो गयी।

**पुआल में जल कर दो बच्चों की मौत :** हजारीबाग के बरकट्ठा में मंगलवार अहले सुबह दिल दहलादेनेवाली घटना हुई। पुआल के ढेर में खेलते समय आग लग जाने से दो मासूम बच्चे जिंदा जल गये। एक की उम्र चार साल और दूसरे की उम्र तीन साल थी। आग की लपटें देख कर जब तक ग्रामीण वहां पहुंचे, और आग पर काबू पाया गया, तब तक दोनों बच्चे दम तोड़ चुके थे। हादसे से इलाके में मातम पसरा है। (शेष पेज 11 पर)

प्राकृतिक सौंदर्य, वन्यजीवो की विविधता और आकर्षक रोमांच से परिपूर्ण झारखण्ड के स्वर्ग बेतला नेशनल पार्क में आपका स्वागत है। लातेहार जिले की ओर से सभी जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें व बधाई

निवेदक एक शुभचिंतक




खासियत
इस वन में 970 प्रजाति के पौधे, 17 तरह की घाखें, 174 प्रजातियों के पक्षी, 49 स्तनधारी, 180 प्रजाति के औषधीय पौधे पाए जाते हैं। यहां पर बांस, आम, मुहआ, साल, पलाश, आंवला और अन्य कई तरह के पेड़ पौधे हैं।

जंगली जानवर
यहां पर यदि आप जाते हैं तो देखने के लिए कई प्रकार और प्रजातियों के जंगली जानवर है।
जैसे
जंगली हाथी, बाघ, तेंदुआ, हिरण, जंगली भालू, बंदर, सांभर, नीलगाय, गौर, टाइगर, सियार, चिंकारा, पैंथर, स्लोथ, काकर, चीतल आदि कई जानवर मौजूद हैं।

झारखंड में सबसे प्रसिद्ध और खूससूरत राष्ट्रीय उद्यान है बेतला नेशनल पार्क। बेतला नेशनल पार्क, झारखंड के लातेहर और पलामू जिले में स्थित है। 979 वर्ग किमी में फैला हुआ ये नेशनल पार्क 1973-74 में स्थापित भारत के सबसे पुराने टाईगर रिजर्व में से एक है जिसे पहले पलामू टाईगर रिजर्व के नाम से जाना जाता था। 1986 में इसे एक राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया। यहां पर घूमने का सबसे अच्छा मौसम अगस्त से जनवरी के बीच।





पक्षी : डोगरा चील, तीतर, लाल जंगली मुर्गी, मोर, छपका, उल्लू, बगुले, दूधराज, धनेश, किलकिला और कोयल जैसे खूबसूरत पक्षियों को यहां देखा जा सकता है।

जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री ने भाजपा-केंद्र सरकार पर बोला हमला, कहा

# जो खतियान की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को गोपाल मैदान में सीएम हेमंत सोरेन ने एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में श्री सोरेन केंद्र सरकार और झारखंड के राज्यपाल पर खूब बरसे। मंच से अपने भाषण में नारा दिया- जो खातियान की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा। सीएम ने स्थानीय नीति विधेयक वापस लौटाने पर कहा कि राज्यपाल केंद्र सरकार के इशारे पर चल रहे हैं। यही कारण है कि बिल को पास नही किया गया। बिल के पास होने से राज्य के मूलवासियों को कई अधिकार मिल जाता, जो केंद्र सरकार नहीं चाहती। उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि जो 20 साल के इन्होंने घाव दिये हैं, उसे भरने में थोड़ा समय तो लगेगा ही। (शेष पेज 11 पर)



## लापरवाही बरतेंगे, तो दंड मिलेगा : सीएम

### समीक्षा बैठक में अफसरों को चेताया

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अधिकारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कार्यों, जिम्मेदारियों एवं दायित्वों को निभायें। योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें और उसका समाधान करें। इसमें जो अधिकारी लापरवाही तथा ढिलाई बरतेंगे, उनके खिलाफ सरकार कठोर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। वह मंगलवार को जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं पर हर साल बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती है। चिंता इस बात की है कि योजनाओं पर लाखों- करोडों रुपये निवेश होने के बाद भी उसका कोई डेटाबेस नहीं है। योजनाओं की क्या हकीकत है, इसकी भी सही से जानकारी नहीं मिल पाती है। ऐसे में हम कैसे आगे बढ़ेंगे। अधिकारी इसे गंभीरता से लें, ताकि योजनाओं पर निवेश का सकारात्मक परिणाम मिल सके। इससे पूर्व सीएम ने सोनारी हवाई अड्डे का विमान को हरी झंडी दिखा कर उदघाटन किया। साथ ही जुगसलाई में ओवर ब्रिज का भी शिलान्यास किया।

## नेशनल डिफेंस कॉलेज के अफसरों ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड भ्रमण पर आए नेशनल डिफेंस कॉलेज के 15 पदाधिकारी राजभवन में राज्यपाल रमेश बैस से मिले। राज्यपाल ने उन्हें झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ यहां के पुरातात्विक, धार्मिक व पर्यटन स्थलों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने राज्य को अपार संभावनाओं वाला प्रदेश बताया। झारखंड की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिणिक संबंधी विभिन्न पहलुओं की चर्चा की। भ्रमण पर आये पदाधिकारियों ने भी अपने कायानुंभव और झारखंड भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभव को साझा किया। इधर राज्यपाल से मंगलवार को सैनिक स्कूल, तिलैया के प्राचार्य ग्रुप कैप्टन राहुल सकलानी ने राजभवन में भेंट की।

### न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

राजसात अपील वाद संख्या– 05 / 2019

नोटिस

बनाम्

उदय सिंह पे0– स्व0 कपीलदेव सिंह,
सा0– सुदना, गायत्री मंदिर रोड, डालटनगंज, पलामू

एतद् द्वारा आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि बार–बार नोटिस निर्गत किये जाने के बावजूद भी वाद की सुनवाई में आप लगातार अनुपस्थित है।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.02.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा,
लातेहार।

PR 288785
District(22-23)D

### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

**-: भर्ती कैम्प संबंधित सूचना :-**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग द्वारा दिनांक 02.02.2023 को आई० टी० आई० परिसर सिन्दुर, हजारीबाग में एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। भर्ती कैम्प में निजी क्षेत्र के निम्नलिखित प्रतिष्ठानं ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है –

| Sl | Employer Name | Post Name | Required Qualification | Age (In Year) | No of Vacancies | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | L&T Construction Skills Training Institute, Ahmedabad | Construction Technician | 8th to 12th only | 18 - 35 | 500 | 16000 stipend after training | |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक जो पूर्व से निबंधित नहीं हैं। वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजन के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों (एक छायाप्रति के साथ), निबंधन कार्ड एवं बायोडाटा (02 प्रतियों में) के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार सुबह 10.30 बजे से संध्या 04.00 बजे तक होगा। रिक्तिया निजी क्षेत्र की है। अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का कोई हस्तक्षेप नही होगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

सहायक निदेशक (नि०)
अवर प्रादेशिक नियोजनालय,
हजारीबाग।

PR 288846 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

### न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

राजसात वाद संख्या– 104 / 2022

नोटिस

बनाम्

1. रविशंकर कुमार, पे0– विनोद प्रसाद, सा0– शीवराजपुर, कामता, थाना+जिला– चतरा।
2. राकेश कुमार सिंह, पे0– राम सेवक सिंह, सा0– 13 कदमा, थाना–कटकमसान्डी, जिला– हजारीबाग।
3. मो0 नौशाद, पे0– मो0 अशगर, सा0– बनहा, थाना– कटकमदाग, जिला– हजारीबाग।
4. मो0 इरफान पे0– मो0 इस्माईल, सा0– सरहद, थाना– कुफ्फसील, जिला– हजारीबाग।
5. गिरेन्द्र यादव, पे0– असर्फी यादव, सा0– ताल गोपालडीह, थाना– पांकी, जिला– पलामू।
6. रितेश कुमार यादव, पे0– विश्वनाथ यादव, सा0– पल्हैया कुरन्द, थाना– मनिका, जिला– लातेहार।

:– प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में ट्रक पंजीयन संख्या– JH02AD-2641, JH02U-4641, JH02AB-9118, NL01AB-3220, NL01K-2883, JH19A-5329 एवं JH19B-4040 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। इस न्यायालय से नोटिस निर्गत होने के बावजूद भी आपलोग अनुपस्थित है।

अतएव अंतिम रूप से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.02.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 288787 District (22-23)_D

### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 50 / 2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 10.02.23 को 10:00 पूर्वाहन से 1:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.02.23 को 2:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.02.23 को 4:00 बजे अपराहन से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरही | अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, बरसोत, बरही में सेप्टिक टैंक एवं सॉक पिट मरम्मति कार्य। | 98800.00 | 500.00 | 2000.00 | एक माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 288814 (District) 22-23 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा

अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 14 / EE/ RDD/SD/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 02.02.2023 से दिनांक 06.02.2023 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 08.02.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 08.02.2023 (अपराह्न 3.30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा | कोडरमा प्रखण्ड के आदर्श विद्यालय कोडरमा का मॉडलीकरण कार्य। | 336600.00 | 7000.00 | 750.00 | 06 (छः) माह। |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
कोडरमा

PR 288831 Rural Work Department (22-23)_D

## स्वास्थ्य मंत्री से कर्मियों की सेवा नियमित करने का किया आग्रह

# स्वास्थ्य कर्मियों के नियमितीकरण के लिए उच्चस्तरीय समिति बने : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड के 8000 से अधिक अनुबंधित चिकित्सा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए सरकार को शीघ्र ही उच्च स्तरीय समिति का गठन करना चाहिए। समिति की रिपोर्ट के आधार पर इन सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अविलम्ब स्थायी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी सेवा स्थायी करने की मांग पर अनुबंधित स्वास्थ्य



कर्मचारी राजभवन के समक्ष आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनमें से अधिकांश झारखंड के आदिवासी-मूलवासी ही हैं। अनशन पर बैठने की वजह से उनकी तबीयत बिगड़ रही है और उन्हें हॉस्पिटल में भी एडमिट कराना पड़ रहा है।

### 10 साल से ज्यादा समय कर रहे काम

बंधु तिर्की ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को लिखे गये अपने पत्र में कहा है कि वे कर्मी पिछले 10 साल से ज्यादा समय से कार्य कर रहे हैं। विभिन्न जिलों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही अस्पतालों में भी काम कर रहे हैं। वे एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट तथा अन्य पदों पर कार्यरत हैं। ऐसे कर्मचारियों की संख्या 8000 से अधिक है। उन्होंने कहा है कि यदि उनकी नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर के नियमों का पालन किया गया है और उनकी नियुक्ति नियमानुसार घोषित रिक्त पदों को भरने के लिए की गयी है तो फिर उनका नियमितीकरण समय की मांग है। चूंकि पहले भी ऐसे कर्मियों को चिन्हित करते हुए नियमितीकरण किया गया है।

> उनकी नियुक्ति नियमानुसार घोषित रिक्त पदों को भरने के लिए की गयी है, जल्द निर्णय हो

### मधु कोड़ा ईडी कोर्ट में पेश

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व सीएम मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपी ईडी विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुये। मंगलवार को ईडी की ओर से कोर्ट में गवाह प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन किसी कारण से ईडी का गवाह उपस्थित नहीं हुआ। जिसके बाद कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 22 फरवाई की तारीख तय की है।

## 12 आइएएस अधिकारियों का नये सिरे से बैच निर्धारण और प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड सरकार ने राज्य सेवा से आइएएस बने 12 अधिकारियों का नये सिरे से वरीयता, बैच निर्धारित कर उन्हें अधिसमय वेतनमान में वैचारिक प्रोन्नति प्रदान किया है। इनमें एक अधिकारी 2008 की राज्य सेवा से आइएएस में रिक्ति व दो अधिकारी 2009 तथा नौ अधिकारी 2010 की चयन सूची से आइएएस बने थे। इनमें कई अधिकारी रिटायर भी हो गये हैं। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इन अधिकारियों को पहले प्रोन्नति नहीं दी गयी थी, जिस वजह से वे सुप्रीम कोर्ट चले गये थे, जहां से पारित आदेश के आलोक में यह निर्णय लिया गया है।

**इन्हें मिला प्रमोशन :** 2008 बैच से चयन सूची में बने आइएएस में जगमोहन प्रसाद जो 1998-1999 बैच थे। उन्हें पुनर्निधारित बैच के अनुसार अधिसमय वेतनमान वैचारिक प्रोन्नति की तिथि 1.1.2014 से 2009 की रिक्ति से परमजीत कौर को 11 फरवरी 2015 की तिथि से व शैलेंद्र भूषण को 11 फरवरी 2015 की तिथि से वैचारिक प्रमोशन का लाभ दिया गया है। 2010 के चयन सूची से 9 अधिकारियों को बैच का निर्धारण फिर से करते हुए अधिसमय वेतनमान में वैचारिक प्रोन्नति दी गयी। इन्हें 1.1.2016 की तिथि से प्रमोशन मिला है। इनमें बालेंदु भूषण आनंदमूर्ति, उमाशशि चटर्जी, आभा कांशी, उपेंद्र नारायण उरांव, सुलसे बाखला, जितवाहन उरांव,विनोद शंकर सिंह, शिवजी चौपाल, मुकेश कुमार वर्मा हैं।

## यूपीए सरकार में क्यों याद नहीं आयी नौंवीं अनुसूची : बाबूलाल

### पूर्व सीएम ने कहा– झामुमो ने 1932 के नाम पर अर्जुन मुंडा की सरकार गिराई थी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार राज्य की गठबंधन सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा ने 1932 का कभी विरोध नहीं किया लेकिन झामुमो सरकार आज दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर क्यों गोली चला रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने अर्जुन मुंडा की सरकार को 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर ही समर्थन वापस लेकर गिराई थी। तब हेमंत सोरेन राज्य के उप मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा कि श्री सोरेन को जवाब देना होगा कि आखिर 18 महीने तक वे पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। इसके बावजूद स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बनाई। यूपीए का देश और राज्य दोनों में शासन था। मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। फिर उन्हें 9वीं अनुसूची की बात तब क्यों याद नहीं आई। उन्होंने कहा कि सीएम झारखंड की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। भाजपा राजनीति की ऐसी दुकान नहीं चलने देगी। उन्होंने कहा कि राजनीति चतुराई से नहीं ईमानदारी से चलती है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को नीति बनाने का पूरा अधिकार है। राज्य सरकार राज्यपाल के द्वारा स्थानीय नीति के संबंध में उठाए गये सवालों का विधिसम्मत समाधान निकाले। साथ ही, राज्य की जनता को स्थानीय और नियोजन नीति दे। इसके लिए बड़ी फीस पर भी विधि विशेषज्ञों एवकीलों की राय लेने से परहेज नहीं करे। उन्होंने कहा आज राज्य के युवा बिना स्थानीय और नियोजन नीति के हताश और निराश हैं।

### समाहरणालय हजारीबाग
### कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई (समाज कल्याण शाखा)

**आम–सूचना**



एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक– 03.01.2023 को एक नवजात शिशु (बालिका), उम्र–01 माह, रंग–गोरा, ऊँचाई–01 फीट 08 इंच, वजन–2 किलो 82 ग्राम, लावारिश अवस्था में ग्राम–मंगलपट्टा, थाना–आंगो, हजारीबाग से पाया गया है। वर्तमान में बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के आदेशानुसार उक्त बालिका को विशेष दत्तक ग्रहण संस्था (SAA), सृजन फाउंडेशन, हजारीबाग में आश्रय दिया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त शिशु के जैविक माता–पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया इसकी सूचना नीचे अंकित फोन नम्बर या पत्ते पर समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर दावा प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गये समय–सीमा के समाप्ति के पश्चात् शिशु पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दतकग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम 6 के उपनियम 13 के अंतर्गत शिशु को दतकग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी रुप से मुक्त घोषित कर दिया जायेगा।

संपर्क करें :– बाल कल्याण समिति, शहरी बाल विकास परियोजना भवन, पूराना समाहरणालय परिसर, हजारीबाग।

दूरभाष संख्या– 9852346416, 8709652876, 8340290562, 9905564137

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 288879 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)#D

### केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
### गृह मंत्रालय
### नोटिस (संशोधन)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**के०रि०पु० बल में सहायक कमाण्डेंट (सिविल इंजीनियर) भर्ती परीक्षा –2021**

1. रोजगार समाचार दिनांक 26 जून–02 जुलाई 2021 में प्रकाशित एवं बल की वेबसाईट www.crpf.gov.in में उपलब्ध सहायक कमाण्डेंट (सिविल इन्जीनियर) के०रि०पु०बल भर्ती–2021 विज्ञापन का संदर्भ ग्रहण करें।
2. उक्त भर्ती हेतु पीएसटी / पीईटी दिनांक 08/11/21 से 25/11/21 तक विभिन्न भर्ती केन्द्रों में सम्पन्न हो चुकी है। भर्ती प्रक्रिया स्टेज–2 के पेपर एक- Computer Based Test (CBT) एवं पेपर- दो Conventional / Subjective Type Paper संभावित दिनांक 22/02/2023 से 28/02/2023 के बीच आयोजित की जायेगी। परीक्षा का स्थान, दिनांक एवं समय का विवरण अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र में दर्शाया जाएगा जो कि के०रि०पु० बल वेबसाईट www.crpf.gov.in पर उपलब्ध होगा ।
3. Computer Based Test (CBT) के प्रवेश पत्र के०रि०पु० बल वेबसाईट www.crpf.gov.in पर उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि प्रवेश पत्र संभावित दिनांक 15/02/2023 से केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की वेबसाईट www.crpf.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड / प्रिन्ट कर सकते है। अभ्यर्थी अपने यूनिक आईडी अनुक्रमांक एवं जन्म तिथि से ही प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये मोबाईल संख्या एवं ई–मेल आईडी पर भी प्रवेश पत्र का लिंक एस.एम.एस. / ई–मेल के माध्यम से भेजा जायेगा।
4. उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र की 02 रंगीन प्रतियां एवं मूल पहचान पत्र साथ लेकर परीक्षा केन्द्र पर आयेंगे।
5. गृह मंत्रालय के नवीनतम निदेर्शानुसार भर्ती प्रक्रिया की स्टेज–3 (कागजातों की जॉच (DV) विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (DME ), स्टेज–4 पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षा (RME) एवं स्टेज –5 ( साक्षात्कार ) में निम्न विवरणानुसार परिवर्तन किया जाता है :-

| के लिए | पढ़े |
|---|---|
| स्टेज–3 : कागजातों की जॉच (DV) विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (DME) स्टेज–4 पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षा (RME) | स्टेज–3 : कागजातों की जॉच (DV) विस्तृत चिकित्सा परीक्षा विस्तृत (DME) एवं पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षा (RME) एक साथ होगा। गृह मंत्रालय के नवीनतम निर्देशानुसार, विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (DME) के दौरान अनुतीर्ण हुए अभ्यर्थी को पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षा (RME) के लिए उसी दिन परिशिष्ट ए–1 में लिखित सहमति प्रस्तुत करना होगा। तद्नुसार अभ्यर्थी का अगले दिन पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षा (RME) पूर्ण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षा (RME) के लिए शेष शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं है । |
| स्टेज–5 (साक्षात्कार ) | स्टेज–4 (साक्षात्कार ) |

CBC - 19140/11/0015/2223

# झारखंड की जनता ही भाजपा को राज्य से उखाड़ फेंकेगी : झामुमो

### झामुमो ने पुतला फूंका, कहा– प्रोपेगेंडा के तहत राज्यपाल ने लौटाया खतियान विधेयक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 1932 खतियान आधारित स्थानीयता विधेयक राजभवन ने वापस कर दिया है। इससे नाराज सतारूढ़ झामुमो के नेता अब सड़क पर हैं। झामुमो के सभी जिला समितियों ने मंगलवार को भाजपा का पुतला फूंका। झामुमो नेताओं ने कहा कि जनभावना के अनुरूप विधानसभा से पारित श्स्थानीयता विधेयक 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को राज्यपाल ने प्रोपेगेंडा के तहत वापस किया है। राज्यपाल ने यह काम भाजपा के इशारे पर किया है। राजधानी अल्बर्ट एक्का चौक पर मंगलवार शाम रांची जिला जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में भाजपा का पुतला दहन किया गया। झामुमो नेताओं ने कहा कि भाजपा राज्यपाल पर दबाव बना कर यहां के मूलवासियों आदिवासियों के अस्तित्व को मिटा देना चाहती है। लेकिन झामुमो ऐसा नहीं होने देगी। भाजपा की कुकृत्य को जनता देख रही है।

# झामुमो के गढ़ में अमित शाह फेंकेंगे राजनीतिक फिरकी !

### कोल्हान के बाद अब संथाल में अमित शाह की सभा 4 फरवरी को, सीएम हेमंत सोरेन के लिये शुरू हुआ शाह का 'शह'





उदय चौहान

**रांची।** कोल्हान के बाद अब संथाल में अमित शाह का राजनीतिक फिरकी शुरू होने वाला है। श्री शाह 4 फरवरी को बाबानगरी देवघर से मिशन 24 के लिए कमल खिलाने की कवायद करेंगे। सीएम हेमंत सोरेन के गढ़ में शाह का 'शह' होगा। अगले साल लोकसभा चुनाव और झारखंड विधानसभा का चुनाव का शोर अभी से सुनाई पड़ने लगा है। छह महीने के अंतराल में दोनों चुनाव होने वाले हैं। पहले लोकसभा का चुनाव होगा और इसके बाद विधानसभा का चुनाव होगा। अभी एक वर्ष का समय चुनाव में है। सत्ताधारी झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन फरवरी के पहले सप्ताह में संथाल मंथन शुरू करेंगे। वहीं, भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह 4 फरवरी को कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्द्धन के लिए देवघर पधार रहे हैं।

दरअसल भाजपा और झामुमो दोनों की नजर मिशन 2024 के लिए संथाल और कोल्हान पर फोकस है। भाजपा पिछले लोस चुनाव में जिन दो सीटों पर हारी थी। उसमें से एक सीट कोल्हान का है तो दूसरा संथाल का। वहीं, महागठबंधन की बात की जाये तो लोकसभा में उसे मात्र दो सीटों पर ही विजय प्राप्त हुई थी लेकिन, विधानसभा के चुनाव में तो भाजपा को कोल्हान में बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रमंडल में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। मुख्यमंत्री रहते हुए रघुवर दास को हार का सामना करना पड़ा था।

इधर, संथाल की 18 विधानसभा सीटों में से भाजपा को मात्र चार सीटें मिली थी। इसलिये, इस बार भाजपा ने चुनावी ब्यूह रचना शुरू कर दी है।

**दुमका में महाजुटान दो को, हेमलाल समेत कई शामिल होंगे झामुमो में :** प्राप्त जानकारी के अनुसार झामुमो का स्थापना दिवस 2 फरवरी दुमका में है। इस दिन दुमका में झामुमो का महाजुटान होगा। झामुमो से भाजपा में गये हेमलाल मुर्मू की घर वापसी होगी। मधुपुर से भाजपा के एक बड़े नेता भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामने वाले हैं। इसके आलावा साहेबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर से भी कई भाजपा नेता झामुमो की सदस्यता लेने की जुगत में हैं। इस बार का स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। झामुमो ने तय कर लिया है कि भाजपा को उसी की चाल में जवाब देना है। भाजपा कद्दावर नेता

व गृह मंत्री अमित शाह 4 फरवरी को संथाल में गरजेंगे। 24 के घमसान को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चाल का जवाब अमित शाह देंगे।

## रांची में 16-18 फरवरी तक होगी सहाय योजना खेल प्रतियोगिता, तैयारी शुरू



### खेल प्रतियोगिताओं के लिए खेल निदेशालय ने बनायी योजना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सहाय योजना अंतर्गत फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, हॉकी खेलों का रांची में 16-18 फरवरी तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसे लेकर आयोजन समिति की बैठक मंगलवार को खेल निदेशक के कार्यालय में की गयी। इसमें निबंधन, आवासन एवं भोजन समिति, मैदान व्यवस्था समिति, चिकित्सा व्यवस्था समिति, उद्घाटन-समापन समारोह समिति, सोशल मीडिया समिति, प्रचार-प्रसार एवं मीडिया समिति, तकनीकी उप समिति एवं परिवहन व्यवस्था उप समिति के साथ विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। समितियों में शामिल सदस्यों ने अपनी समस्याओं से भी खेल निदेशक को अवगत कराया।

निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने सभी समितियों को अपने-अपने दायित्व के निर्वहन के बारे में जानकारी दी। बैठक में खेलकूद युवाकार्य निदेशालय के अवर सचिव देव शंकर दास, संजय प्रसाद, हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो, शिवेंद्र दुबे, विजय शंकर सिंह, विनोद कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, संजीत कुमार, मोहम्मद फरीद, करुणा पूर्ति, तपन कुमार रावत आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## रातूः डीटीओ ने जब्त किये पांच वाहन

**रातू।** जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने मंगलवार को ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बालू लदे तीन हाइवा और ईंट के दो टर्बो ट्रक को जब्त कर लिया। वाहन मालिकों पर जुर्माना भी लगाया है। इससे वाहन मालिकों में हड़कंप मच गया है।

## सिल्ली पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत लोटा गांव निवासी राजू मुंडा को सिल्ली पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राजू मुंडा पर गांव के एक युवक लोकनाथ करमाली को मारपीट करते हुए अपने दांत से कान काट देने का आरोप है। इस संबंध में लोकनाथ करमाली ने राजू मुंडा के खिलाफ 30 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक बीते 29 जनवरी की रात्रि वह अपने घर से पास के दुकान जा रहा था। इसी क्रम में रास्ते में राजू मुंडा उसे मिल गया एवं गाली गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दिया एवं अपने दांतो से मेरे कान को काट दिया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सिल्ली अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने मुझे रिम्स भेज दिया। जहां से मेरा इलाज चल रहा है।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंचायत स्तर पर लगेगा कैंप

**राहे।** डीडीसी रांची के निर्देशानुसार राहे प्रखंड में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंचायत स्तर पर कैंप लगाया जाएगा। डीडीसी दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को राहे प्रखंड सभागार में मुखिया, पंचायत सेवक, सहिया एडीलर और सुपरवाइजर के साथ बीडीओ हारून रशीद ने बैठक किये। कैंप में योग्य व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए टीम उपस्थित रहेगी।

## जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान के लिए रतन महतो चयनित



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के किता गांव निवासी रतन कुमार महतो सत्यार्थी को जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान के लिए चयन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जयशंकर प्रसाद विचार मंच की ओर से क्षेत्रीय भाषा व कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022 के लिए उनका चयन किया गया है। यह सम्मान उन्हें आगामी 4 फरवरी को रांची शहीद चैक के समीप टेलिफोन भवन में दिया जाएगा। रतन कुमार महतो की प्रारंभिक पढ़ाई लोटा स्कूल से हुई। वे भारत सरकार के मौसम विभाग में कार्यरत थे एवं वर्ष 2017 सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी रांची से कुड़माली भाषा में एमए की शिक्षा प्राप्त किया। यूजीसी नेट एग्जाम उन्होंने पास किया था। वर्तमान में मातृभाषा कुरमाली में साहित्य रचना कर रहे हैं। उनके इस सम्मान के लिए स्थानीय बुद्धिजीवी वर्ग एवं समाजसेवी एवं स्थानीय लोगों ने बधाई दी है।

## बुंडूः छह एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट

**बुंडू।** वरीय पुलिस अधीक्षक एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत बुंडू अंचल स्थित रेदा गांव में अवैध रूप से 6 एकड़ में की गई अफीम की खेती को बुंडू पुलिस की टीम ने नष्ट किया । जानकारी के मुताबिक बुंडू डीएसपी अजय कुमार और थानेदार इंस्पेक्टर पंकज भूषण को जानकारी मिली थी कि रेदा गांव के जंगल में अफीम की खेती की गई है। इस सूचना के आलोक में सब इंस्पेक्टर अमित कुमार और राकेश कुमार के नेतृत्व में बुंडू पुलिस बल की टीम ने 6 एकड़ में लगी अफीम की खेती फसल को नष्ट किया।

# शिक्षा बगैर किसी भी समाज का समग्र विकास असंभवः बंधु तिर्की

### लोक संस्कृति की रक्षा में महली समाज का अहम योगदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** लोक संस्कृति की रक्षा में महली समाज का अहम योगदान रहा है। शिक्षा के बगैर किसी भी समाज का समग्र विकास नहीं हो सकता। उक्त बातें पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहीं। वे महली जनजाति विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार स्व आनंदराम महली के 65वां जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह का आयोजन मंगलवार को बेड़ो प्रखंड के दिघिया गांव में किया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व विधायक शिल्पी नेहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही शिक्षाविदों, समाजसेवियों व कलाकारों ने स्व आनंद राम महली की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि लोककला के संरक्षण में महली समाज के लोगों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं विधायक शिल्पी तिर्की ने कहा कि झारखंड के कला संस्कृति का परचम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्व आनंद राम महली ने लहराया, जो इस राज्य के लिए एक गर्व की बात है। उन्होंने आम जनों से लोक संस्कृति की महत्ता को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। समारोह में नागपुरी कवि और कलाकारों में क्षितिज कुमार राय, पद्मश्री मधु मंसूरी व समाजसेवियों में हरिनारायण महली, वाणी कुमार रॉय व भवानी शरण सिंह आदि ने अपने विचार रखे। साथ ही समारोह में कलाकारों में शिवशंकर महली, देवदास विश्वकर्मा व महावीर साहू समेत दर्जनों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जनमानस को बांधे रखा।

**समारोह में इन्होंने निभाई सराहनीय भूमिका**

समारोह को सफल बनाने में हरिशंकर महली, विशुन महली, रामलगन, कार्तिक धान, बूटन महली, अंजू देवी, मंजू देवी, कुंती देवी, लक्ष्मी नारायण महली, जीतू महली, देवकुमार महली आदि ने सराहनीय योगदान दिया। समारोह की अध्यक्षता हरिनारायण महली, संचालन मनीष बरवार व धन्यवाद संयोजक हरिशंकर महली ने किया।

## फुटबॉल टूर्नामेंटः सेमीफाइनल में पहुंचा साल्हन

**अनगड़ा।** प्रखण्ड क्षेत्र अर्न्तगत सालहन में मां शक्ति पीठ पतरा मैदान में मंगलवार को तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन ओल्ड एण्ड गोल्ड फुटबॉल क्लब सालहन सेमीफाइनल में प्रवेश किया स आज का मैच में लड़कों का खेल के साथ साथ लड़कियों की टीमों ने भी खेल का उम्दा प्रदर्शन किया स मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व अन्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, सावन महतो, समीम अंसारी, बीरजा मुण्डा, सगीर अंसारी आदि उपस्थित थे। फुटबॉल टूर्नामेंट सह लगने वाला माँ शक्ति पीठ मेला का सफल आयोजन में संस्थापक सदस्य समाजसेवी सह शिक्षाविद् डॉ रीझू नायक, प्रधान शिबु मुण्डा, सिकंदर अंसारी के साथ खेल अध्यक्ष राजू नायक, सचिव मनक करमाली, खेल प्रभारी दीपक मुण्डा समेत ग्रामीण सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## इटकीः निर्माणाधीन जांच केंद्र का संयुक्त सचिव ने किया निरीक्षण



निमार्णाधीन भवन की जांच करते केंद्रीय संयुक्त सचिव व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी में करीब 13 करोड़ की लागत से एनसीडीसी नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के जांच केंद्र के निमार्णाधीन भवन का मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव गुलाम मुस्तफा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव ने जानकारी दी कि संचारी रोग से संबंधित जांच के लिए इस उच्च स्तरीय केंद्र को भवन निर्माण कार्य पूरा होते ही चालू कर दिया जायेगा।उन्होंने जानकारी दी कि पूरे देश में इस प्रकार के 30 जांच केंद्र स्थापित किये जाने की केंद्र सरकार की योजना है। इटकी का यह केंद्र देश का पहला होगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सीपीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता केके राय ने जानकारी दी कि दो महीने के अंदर इस भवन का निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जायेगा। संयुक्त सचिव के साथ आरके सोरेनए शैलेश कुमार पिंकूए आजाद कुरेशी व इकबाल अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## साधो कुजूर की जयंती पर बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार को खिजरी के पूर्व विधायक स्व उमराव साधो कुजूर की 82वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सदाबहार चैक स्थित पूर्व विधायक की प्रतिमा पर धर्मपत्नी तुलसी कुजूर,बेटी आरती कुजूर सहित परिवार सदस्यों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। वहीं स्व उमराव साधो कुजूर मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सिरखा टोली मैदान में किया गया। टूर्नामेंट में आठ टीमों के बीच मैच आयोजित हुए,जिसमें बुडमु फुटबॉल क्लब विजेता तथा तरुण घोष बालिका फुटबॉल अकादमी धुर्वा उपविजेता रहे। तीसरे नंबर पर साधो कुजूर मेमोरियल बालिका टीम और चौथे नंबर पर स्टार वारियर कांके की टीम रही। टूर्नामेंट की बेस्ट डिफेंडर तन्नु तथा बेस्ट गोलकीपर कलावती रही।वहीं रेफरी के रूप में जुबलिन,शिव, विजय, अजिताभ, सोमरा, धर्मवीर ने मैच के आयोजन में अपना योगदान दिया। इससे पूर्व अतिथियों और खिलाडियों का स्वागत कस्तूरबा बालिका विद्यालय नामकुम की बैंड टीम के द्वारा पारंपरिक धुन पर किया गया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि आज स्व उरांव की जयंती के अवसर पर उनके द्वारा समाज में किए गए कार्यो को हम याद करते है,उन्होने समाज के लोगों के हित में हमेशा कार्य करने का प्रयास किया।

## दहेज प्रताड़ना का केस, देवर पर रेप का आरोप

### अगुआ कृष्णा प्रसाद पर गिरी गाज, पुलिस कर रही जांच

**सास, श्वसुर, ननद नंदोशी आरोपित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चतरा जिले के पुराना पेट्रोल स्थित ऊपरटोला निवासी संदीप प्रसाद गुप्ता की 21 वर्षीया पुत्री कोमल कुमारी गुप्ता ने झिरी शिवनगर में रहने वाले पति राकेश प्रसाद गुप्ता समेत सास रूपा देवी, श्वसुर बेचू सावए दो ननद बितनी देवी व सरिता देवी और दो नंदोशी बिनोद गुप्ता और मनोरंजन गुप्ता पर दहेज के लिये शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व देवर शंकर पर मोबाइल से अश्लील फोटो खींच वायरल करने की धमकी देने तथा रेप किये जाने तथा अगुआ कृष्णा प्रसाद पर ठेला चलाने वाले राकेश को रेलवे में नौकरी का झांसा देकर शादी कराने के खिलाफ रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

**क्या है मामला**

कोमल और राकेश की शादी 21 अप्रैल 2022 को सामाजिक रीति-रिवाज से हुयी। पिता संदीप गुप्ता ने अपनी हैसियत के मुताबिकए बेटी को दहेज देकर विदा किया, लेकिन इससे पीड़िता के पतिए सासए श्वसुर व ननद संतुष्ट नहीं है। शादी के बाद से ही उसे मायका से दो लाख नकद और बाइक के लिये न केवल दबावए बल्कि मारपीट भी करने लगे। ननद और नंदोशी भी विवाहिता को दहेज के लिये ताना देने से नहीं चुके।

**जानें देवर की कारस्तानी**

15 अगस्त 2022 को राकेशए उसके पिता बेचू साव काम पर निकल गये। दिन के 1 बजे देवर शंकर साव घर आया। 2 घंटे बाद उसने कोमल को अकेली पाकर उसकी अश्लील तस्वीर उतार शारीरिक संबंध बनाने के लिये दबाव बनाया। इंकार करने पर फोटो वायरल की धमकी दी। इसके उपरांतए उसके मुंह में कपड़ा डाल कर रेप भी किया। पति, सास व श्वसुर को इसकी जानकारी दी, किंतु विश्वास नहीं कर उल्टे फटकार लगा 19 को उसे घर से निकाल दिया।

## एक नजर में

### इटकीः कलश यात्रा के साथ मना देवी मंडप मंदिर का स्थापना दिवस



**इटकी।** इटकी स्थित देवी मंडप मंदिर का मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गयी। जलाभिषेक के अलावा पूजा-अर्चना, महाआरती, प्रसाद वितरण व भजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर से निकली शोभायात्रा में शामिल महिलाएं जयकारा लगाते हुए केसरी नया तालाब पहुंचीं और कलश में जल भरकर वापस मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। मौके पर पंचम महतो, सुनील सोनी, बिहारी केसरी, अमित महतो व कृष्णा राम तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

### सेवानिवृत्ति पर बीओआई, सिकिदिरी के कर्मी को दी गई विदाई

**सिकिदिरी।** बैंक ऑफ इंडिया सिकिदिरी शाखा के अनुसेवक देवनारायण यादव को उनके सेवानिवृत होने पर मंगलवार को सिकिदिरी शाखा में विदाई दी गई। शाखा प्रबंधक मधुलिका टूडू ने शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर उनको सम्मानित किया। कहा की डीएन यादव ने पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ इस शाखा में 1997 से अपनी सेवाएं दी है जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरक है। उन्होने इनके दीघार्यु होने और स्वास्थ रहने की शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर बैंक अधिकारी नवीन कुमार, राजकिशोर महतो, रवि शंकर कुमार, दीपेश राणा, विनय दुबे, नारायण प्रजापति, नवीन कुमार, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

### इडिसेरेंग गांव में 15 एकड़ में पोस्त की खेती नष्ट



**राहे।** राहे ओपी क्षेत्र होटलो पंचायत के इडिसेरेंग गांव के आसपास जंगल में राहे ओपी पुलिस और एसएसबी 26वी बटालियन के जवानो के संयुक्त अभियान में 15 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। अभियान में एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी के इंस्पेक्टर रविशंकरएतिलक राजए दीपक कुमार, राहे ओपी के रामपुकार बैठा, राजकपुर व जवान शामिल थे।

## बुद्धा पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद शुरू

### तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली के टुटकी स्थित बुद्धा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह की शुरूआत की गयी। रन फॉर बीपीएस से समारोह की शुरूआत किया गया। प्राचार्य वी सुधीर राव ने मशाल जला कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता में विभिन्न दूरी के दौड़, स्लो साइकिल रेस, कबड्डी, लांग जंप, हाई जंप, फ्रॉग रेस, बाधा दौड़, जिलेबी रेस, मटका फोड़, गोली चम्मच, सुई धागा, सामान्य ज्ञान दौड़, तेज साइकिल रेस, सैक रेस, फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीवाल, शिक्षकों के लिये म्यूजिकल चेयर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। सभी सफल प्रतिभागियों को समारोह के अंतिम दिन पुरस्कृत किया जायेगा।

**इन्होंने दिया योगदान**

कार्यक्रम के आयोजन में देवेंद्र कुमार सिंह, जीतेंद्र महतो, विपुल राय, लंकेश्वर लोहरा, मोचीराम महतो, नकुल बड़ाईक, सुषमा सिंह, प्रतिमा देवी, रांची मनी महतो, खुशबू कुमारी, आशा चौधरी, सुनीता देवी, मुंगा लाल महतो एवं प्रेम चंद महतो का सराहनीय योगदान रहा।

## सामुदायिक पुलिसिंगः फुटबॉल व हॉकी टूर्नामेंट को लेकर बैठक

**बेड़ो।** बेड़ो के पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को एस एस पी रांची के नाम पर सामुदायिक पुलिसिंग योजना के तहत फुटबॉल और हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन को लेकर डीएसपी रजत मणिक बाखला की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जहां बेड़ो सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमारए बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार इटकी थाना प्रभारी रजनी रंजन व लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम उपस्थित थे। इधर डीएसपी ने बताया कि युवाओं को एक अच्छे नागरिक के साथ उनके कर्तव्यों व अनुशासन के साथ साथ उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर बेड़ो व इटकी प्रखंड के सभी पंचायतों से एक एक के टीम शामिल होंगे। सर्वश्रेष्ठ टीम व खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने पर पुलिस द्वारा सर्टिफिकेट व पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जबकि हॉकी में लापुंग की टीम अच्छा प्रदर्शन करती है। वहां लोग हॉकी ज्यादा खेलना पसंद करते हैं। इस लिए लापुंग में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इधर मौके पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अपने कार्यकर्ताओं को इस प्रतियोगिता के सफल बनाने में जुटने का आह्वान किया। फुटबॉल व हॉकी प्रतियोगिता से युवाओं की प्रतिभा निखारने के साथ ही पुलिस व कानून का भी ज्ञान होगा।

### झारखंड बालिका विद्यालय को मिला पहला स्थान

**जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी**



**राहे।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार विज्ञान प्रदर्शनी 2023 में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे को जिला में प्रथम स्थान मिला है। जिला के 19 प्रखंडों के विद्यालयो के बीच आयोजित प्रतियोगिता में राहे झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। विद्यालय द्वारा उप विषय पर्यावरण संरक्षण में मूर्ति विसर्जन के वैकल्पिक उपाय मॉडल का प्रदर्शित किया गया। विद्यालय की छात्रा हरिप्रिया रानी और चंपा कुमारी द्वारा बनाया गया मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मॉडल में मार्गदर्शक शिक्षिका परमेश्वरी कुमारी थी । छात्राओं के प्रदर्शन पर वार्डन परमेश्वरी कुमारी, शिक्षिका बिमला कुमारी और सौरभ कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है। इधर बीडीओ हारून रशीद ओर सीओ महेंद्र छोटन उरांव ने छात्राओं के प्रदर्शन पर बधाई दिया है।

## कांके हाजी चौक पर आदिवासी नेग कलेक्सन दुकान का उद्घाटन

**पिठोरिया।** सुंदर नगर कांके हाजी चौक पर आदिवासी नेग कलेक्सन दुकान का उद्घाटन प्रसार शिक्षा निदेशक विश्व कृषि विश्वविद्यालय डाँ जगन्नाथ उरांव एवं विधि विश्वविद्यालय कांके शाखा बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच मैनेजर रजनी ने फीता काट कर किया। दुकान के संचालक सुरेन्द्र लिंडा ने बताया कि यह दुकान झारखंडी संस्कृति को समेटे यूनिक तरह का दुकान हैं। इस दुकान में आदिवासी एवं सदान के शादी-विवाह, मरनी, पर्व-त्यौहार, नेग-नियम से संबंधित तमाम कपड़े जैसे लाल पाड़ साड़ी, आदिवासी गमछा, बंडी, शादी लुगा, माड़वा खूटा, तोलोंग, बांस के बने खांचा, दौरा, नाचू, तीर-धनुष पूजा के समान सिंदूर, धूप-धुवन, किया सिंदूर, अरवा चावल, मिट्टी के बने समान कड़सा घड़ा, दिया, गगरी, पेड़ पत्ती से बनी पत्तल, दोना, झारखंडी वाद्य यंत्र मांदर, ढोल-ढांक, नगाड़ा जैसे समान एक ही दुकान छत के नीचे उपलब्ध रहेगा।

## किसानों को मिली प्राकृतिक खेती की जानकारी

### आरके मिशन ने बेड़ो के लमकाना गांव में लगाया किसान मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रांची रामकृष्ण मिशन आश्रम के तत्वावधान में मंगलवार को बेड़ो प्रखंड के लमकाना गांव में किसान मेला का आयोजन किया गया। इस वर्ष का किसान मेला प्राकृतिक खेती विषय पर आधारित है। किसान मेला में लगभग 1500 किसानों ने भाग लिया। इसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ साथ विभिन्न आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जागरूक करने के लिए स्टॉल भी लगाया गया। विभिन्न प्राइवेट कंपनियां, इफको, झारखंड, फल उद्योग नर्सरी, रांची आदि ने भी अपना स्टॉल लगाकर किसानों को अपने उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान किया। वहीं कार्यक्रम में निदेशक, तसर अनुसंधान केंद्र, झारखंड ने मुख्य अतिथि के रूप में किसान मेला में मौजूद थे। इधर कार्यक्रम में डॉ अजीत कुमार सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची ने स्वागत भाषण में प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए किसानों को किसान मेला के उद्देश्य से परिचित कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने सभी किसानों को प्राकृतिक जैविक खेती से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए इसके महत्व एवं लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

### मौसीबाड़ी मंदिर में पुनः प्राणप्रतिष्ठा आज

**बुंडू।** बुंडू के धुर्वा मोड़ स्थित नव जीर्णोद्धार मौसीबाड़ी मंदिर में बुधवार को प्राणप्रतिष्ठा एवं पूजन होगी। श्री श्री मौसीबाड़ी रथ टांड़ समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विष्णु मंदिर से मौसीबाड़ी तक श्री राधाकृष्ण जी का प्रातः 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर दो बजे खीर एवं खिचड़ी भोग का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि एसडीओ अजय कुमार साव एवं डीएसपी अजय कुमार विशिष्ट अतिथि होंगे।

### बुढ़मूः किसान उत्पादक कंपनी ने की बीओआई संग गोष्ठी

**बुढ़मू।** मंगलवार को बुढ़मू किसान उत्पादक कंपनी और बैंक ऑफ इंडिया के बीच संयुक्त गोष्ठी का आयोजन किया गया। बुढ़मू किसान उत्पादक कंपनी के सीईओ जयकुमार कुशवाहा ने संगठन के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। बोओआई के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि किसानों के लिए योजना और पैसा की कोई कमी नहीं है। किसानों की भलाई से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दिया साथ ही महिला समिति के सदस्यों के खाता के 5000 डालने का निर्देश शाखा प्रबंधक को दिया। बुढ़मू किसान उत्पादक संगठन को बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। पशुपतिनाथ शाहदेव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में किसान साथी मौजूद थे।

## धार्मिक राजा होने से प्रजा को होती है दिव्य अनुभूति

### दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में यज्ञ महोत्सव का तीसरा दिन



खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन आयोध्या के कथावाचक आचार्य पं रमोज जी वत्स ने कहा राजा धार्मिक हो तो प्रजा को धरती पर ही दिव्य अनुभूति होती है। उन्होंने रामचरित्र मानस की प्रति फाड़ने वालों को राक्षसी प्रवृति का बताया और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरहाना की, और कहा पहले कावंड़ियों पर लाठी बरसती थी और अब पुष्प वर्षा होती है। उन्होंने शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई और भगवा शिव के स्वीकृति नहीं मिलने के बावजूद पत्नी पार्वती अपने पिता के घर चली गई। जहां शिव का अपमान होता देख सती हो गई। बिना निमंत्रण किसी के द्वार नही जाना चाहिए। उन्होने गौ हत्या में कलयुग का वास बताया और कहा श्रीराम-कृष्ण की कथा से देश में भक्ति जागृत हो रही है। भक्ति का विरोध शुरू से होता रहा है। विरोध होना ही भक्ति की पुष्टि भी करती है। उन्होंने धर्म की रक्षा में संतो का महत्व बताया और कहा संत करोड़ों की संपत्ति त्याग देते हैं, लेकिन धर्म का मार्ग कभी नही छोड़ते, आज संतो के कारण ही पृथ्वी पर धर्म सुरक्षित है। पूजा समिति द्वारा आयोजित इस धर्मिक कार्यक्रम व भंडारे में आसपास क्षेत्र से काफी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंच यज्ञ शाला की परिक्रमा कर रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंची प्रमुख अनुपमा देवी ने आयोजन को सरहा और कहा कि सनातम धर्म में मंदिर की वार्षिक महोत्सव की विशेष महत्व है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, अध्यक्ष सतनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गाशंकर साहू, उपाध्यक्ष अजय सिंह, शंकर गुप्ता, डॉ प्रदीप कुमार, शिव नारायण साहू, उमाशंकर साहू, राजेंद्र साहू, सीताराम रामचंद्र साहू, सत्यमराज कुशवाहा, निर्मल महतो, सुरेश मेहता, विजय पांडेय, राजू चौरसिया रामदास महतो, दीनदयाल लोहरा सहित सैकड़ों की संख्या महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार. 01 फरवरी 2023
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# उम्मीदों का बजट

केंद्रीय बजट 2023-24 के तहत छोटे करदाताओं और मध्यम वर्ग की मुश्किलों के बीच आयकर के नये प्रारूप वाले टैक्स स्लैब के पुनः निर्धारण की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। वर्तमान में वित्त मंत्रालय कर सीमा में प्रभावी बढ़त की उम्मीद की जा रही है। जो आयकरदाता आयकर के पुराने स्लैब को अपनाए हुए हैं उनके लिए विभिन्न टैक्स छूटों में वृद्धि की जानी जरूरी है। दरअसल, मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये की छूट मिलती है। इसके तहत ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और होम लोन का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 1.50 लाख की छूट पर्याप्त नहीं है। कोई व्यक्ति 1.50 लाख की छूट यदि होम लोन के मूलधन पर ले लेता है तो उसके पास अन्य जरूरी निवेश पर छूट लेने का विकल्प नहीं बचता है। अतएव धारा 80सी के तहत कर छूट की सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया जाना उपयुक्त होगा। आयकर अधिनियम की धारा 80सी की सीमा बढ़ाने से सबसे ज्यादा फायदा छोटी बचत योजनाओं, बीमा पॉलिसी खरीदारों, म्यूचुअल फंड निवेशकों, लोनधारकों के निवेशकों और वरिष्ठ नागरिकों को होगा। पिछली बार वित्त वर्ष 2014-15 में इस सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये किया गया था। तब से इस कटौती सीमा को नहीं बदला गया है। कर मुक्त आय की सीमा 5 लाख बढ़ाने पर एक बड़े वर्ग का ध्यान रहेगा। इस बार का बजट लोकसभा चुनाव 2024 के पहले का आखिरी पूर्ण बजट है। ऐसे में सरकार द्वारा आगामी बजट में टैक्स का बोझ कम करने के लिए प्रोत्साहन सुनिश्चित किए जा सकते हैं। वैसे देश की आर्थिक व्यवस्था पटरी पर लौट रही है जिसमें कई छूट के अनुमान हैं।

# पस्त होता पाक

पाकिस्तान इस वक्त गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार सिर्फ 4.3 अरब डॉलर रह गया है और सिर्फ 3-4 सप्ताह के आयात का ही फंड बचा है। पाकिस्तान को अगले दो साल तक प्रति वर्ष 20 अरब डॉलर का कर्ज भी चुकाना है। पिछले साल आई बाढ़ के कारण पाकिस्तान को काफी आर्थिक नुकसान हुआ था, इसके अलावा लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से हटाना और तहरीके तालिबान का फिर से सिर उठाना पाकिस्तान के लिए बड़ा संकट साबित हुए हैं। आर्थिक, राजनैतिक संकट में फंसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अब दूसरे देशों से मदद की आस लगाए बैठे हैं। कर्ज लेने के सिलसिले में वे पिछले दिनों सऊदी अरब गए थे, जहां अरबी टीवी चैनल अल अरबिया के साथ एक बातचीत में शहबाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्तों को सुधारने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातें कहीं। शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे, तब वाजपेयीजी ने फरवरी 1999 में अमृतसर से लाहौर तक बस यात्रा की थी, जिसका स्वागत नवाज शरीफ ने किया था। उस वक्त वाजपेयीजी ने कहा था कि मित्र बदले जा सकते हैं, पड़ोसी नहीं। लेकिन हमें रहना हमेशा साथ में ही है। हम पर है कि हम शांति के साथ रहते हैं और प्रगति करते हैं या फिर एक दूसरे से लड़ाई में समय और संसाधनों की बबार्दी करते हैं। भारत के साथ हमने तीन युद्ध किया है और इससे गरीबी, बेरोजगारी और दुर्गति ही आई है। हमने सबक सीख लिया है। हम गरीबी खत्म करना चाहते हैं, लोगों को रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएँ और शिक्षा प्रदान करना चाहते हैं। हम अपने संसाधान बम और हथियारों पर नष्ट नहीं करना चाहते हैं। ये संदेश मैं प्रधानमंत्री मोदी को देना चाहता हूँ।

# बजट आज, बेहतरी की उम्मीद लगाये लोग

केंद्र सरकार आज फरवरी, 2023 को आगामी वित्त वर्ष (2023-24) के लिये केंद्रीय बजट प्रस्तुत करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये यह बजट काफी महवपूर्ण होगा। निरंतर गिरती आर्थिक वृद्धि दर और मुद्रास्फीति संबंधी हालिया आँकड़ों ने बजट निर्माण की प्रक्रिया को काफी जटिल बना दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था को मुद्रास्फीति से उबारना और वर्ष 2024 तक भारत को 5 ट्रिलियन डलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करना है।


ग़रीबी और बेरोजगारी दर में कमी रोजगार के अवसर पैदा करना और गरीबों को अधिक-से-अधिक सामाजिक लाभ प्रदान करके सामूहिक गरीबी और बेरोजगारी का उन्मूलन करना भी केंद्रीय बजट का एक अन्य उद्देश्य होता है। आर्थिक असमानता को कम करना सरकार केंद्रीय बजट के माध्यम से आर्थिक असमानता को कम करने का प्रयास करती है। इसके लिये कर लगाने और सब्सिडी देने जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। सरकार निम्न आय वाले लोगों को सब्सिडी और सुविधाएँ प्रदान करती है, जो कि आर्थिक असमानता को कम करने में मदद करता है। आर्थिक स्थिरता सरकार सब्सिडी और व्यय के माध्यम से सामान्य मूल्य स्तर में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित कर आर्थिक स्थिरता लाने का प्रयास करती है। उदाहरण के लिये मुद्रास्फीति (कीमतों में निरंतर वृद्धि) की स्थिति में सरकार अपने खर्च को कम कर देती है और करों की दर में वृद्धि कर देती है, वहीं संकुचन या मंदी की स्थिति में करों में कटौती की जाती है और आम लोगों को खर्च हेतु प्रोत्साहित करने के लिये सब्सिडी प्रदान की जाती है।

आगामी बजट से क्या उम्मीदें हैं? आयकर स्लैब में परिवर्तन 1 फरवरी को प्रस्तुत होने वाले केंद्रीय बजट से आयकर छूट की सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, 25 लाख रुपए तक की आय वाले लोगों को आयकर में छूट दी गई है। वहीं 25 लाख रुपए से 3 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत, 3 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत 5 लाख रुपए से 75 लाख रुपए आय पर 10 प्रतिशत 75 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक की आय पर 15 प्रतिशत, 10 लाख रुपए से 125 लाख रुपए तक की आय पर 20 प्रतिशत 125 लाख रुपए से 15 लाख रुपए आय पर 25 प्रतिशत ओर 15 लाख रुपए से अधिक रुपए आय पर 30 प्रतिशत कर देना होता है। संभव है कि आगामी बजट में 25 लाख रुपए की सीमा को 5 लाख रुपए कर दिया जाए। यदि ऐसा होता है तो करदाताओं को लाभ मिलेगा और वे अधिक-से-अधिक मांग कर कर सकेंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

80 की सीमा में वृद्धि बजट में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 बी के तहत मिलने वाली कटौती की सीमा बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। यह कदम मांग बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में मदद करेगा। ग्रामीणों की आय में वृद्धि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से ग्रामीणों की आय में वृद्धि करने पर भी विचार कर सकती है। ज्ञात हो कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति के लिये काफी हद तक ग्रामीण मांग में कमी को जिम्मेदार माना जा रहा है। अतः यह स्पष्ट है कि ग्रामीण मांग में वृद्धि किये बिना भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति में सुधार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा बाजार में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री बढ़ाने के लिये लिथियम आयन बैटरी पर कस्टम ड्यूटी घटाई जायेगी। जीएसटी दरों में कटौती दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर लगने वाले कर की दर में कटौती हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो इससे षेयर बाजार में दीर्घावधि के निवेषकों को प्रोत्साहन मिलेगा। पूंजी और उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन के मामले में भारत का औद्योगिक प्रदर्शन वित्त वर्ष 1991-92 के संकट के बाद शायद सबसे खराब स्थिति में है। हाल के महीनों में औद्योगिक क्षेत्र ने मांग में गिरावट के कारण मौजूदा व्यवसायों के भीतर नई क्षमताओं के निर्माण में निवेश करना लगभग बंद कर दिया है। निगम कर में कटौती से भले ही अल्पकाल में मांग में वृद्धि करने में मदद मिली हो, किंतु दीर्घकालिक स्थिति अभी भी पहले जैसी है। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर मौजूदा समय में सबसे महवपूर्ण चिंता षि क्षेत्र के प्रदर्शन को लेकर है। खराब प्रदर्शन वाले षि-क्षेत्र ने ग्रामीण उपभोक्ता मांग को कम करने में महवपूर्ण भूमिका अदा की है। बजटीय उपकरणों का प्रयोग करते हुए षि क्षेत्र के प्रदर्शन को सुधारना सरकार के लिये आवश्यक होगा।

सरकार ने वर्ष 2024 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये भारत को 8 प्रतिशत की दर से निरंतर विकास करना होगा, किंतु अर्थव्यवस्था संबंधी आधिकारिक आँकड़े बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति अच्छी नहीं है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने चालू वित्त वर्ष (2019-20) के लिये देश की अर्थव्यवस्था संबंधी आँकड़ों का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया था, जिनके अनुसार चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद घटकर 68 प्रतिशत पर पहुँच सकता है। विभिन्न रिपोर्ट्स और आँकड़ों से स्पष्ट है कि शिक्षित युवाओं के मध्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी का उच्च स्तर नीति निर्माताओं के लिये बड़ी चुनौती के रूप में उभर रहा है। हाल ही में सेंटर फर मनीटरिंग इंडियन इकोनमी ने बेरोजगारी दर के संबंध में आँकड़े जारी किये हैं, जिसके मुताबिक सितंबर-दिसंबर 2022 के दौरान भारत की बेरोजगारी दर बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई थी। सर्वप्रथम सरकार को कर रियायतों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देकर आर्थिक गति स्थापित करना होगा। बीपीएम-किसान योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार पर विचार किया जा सकता है। उम्मीद सभी को है और सरकार भी सबको संतुष्ट करने का प्रयास करेगी।



-अनल कुमार

> हाल ही में सेंटर फर मनीटरिंग इंडियन इकोनोमी ने बेरोजगारी दर के संबंध में आँकड़े जारी किये हैं, जिसके मुताबिक सितंबर-दिसंबर 2022 के दौरान भारत की बेरोजगारी दर बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई थी।
> केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने हाल ही में दिसंबर 2022 के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति या महँगाई दर के आँकड़े जारी किये थे।

## खास बात
# संस्कृत का महत्व

**सुधांशु कुमार**

**संस्कृत** संस्थानों से पढ़ाई करके बेहतर करिअर निर्माण किया जा सकता है। यदि आप संस्कृत में अपना करिअर बनाना चाहते हैं तो हाई स्कूल की पढ़ाई से ही संस्कृत विषय का चुनाव करना चाहिए। बारहवीं पास करने के उपरांत उन संस्थानों में प्रवेश लेना होगा जो संस्कृत विषय में डिग्री और डिप्लोमा का पाठ्यक्रम करवाते हों। यदि उच्च शिक्षा में रुचि है तो संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर किया जा सकता है लेकिन संस्कृत विषय में गहन शोध करने के लिए आपको डॉक्टरेट की उपाधि लेनी होगी। केंद्रीय विद्यालयों में संस्कृत भाषा को तीसरी भाषा के रूप में महत्त्व दिए जाने पर वहां नौकरी के अवसर अधिक बढ़ चुके हैं। संस्कृत में अनुवादक और धर्म गुरु बनने के भी मौके आपको प्राप्त हो सकते हैं। संस्कृत भाषा एवं विषय के अध्ययन के पश्चात युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं, ये अवसर सरकारी, निजी और सामाजिक सभी क्षेत्रों में मौजूद हैं : प्राथमिक अध्यापक विशारद या शास्त्री की अर्हता वाले अभ्यर्थियों के लिए प्राथमिक शिक्षा में करिअर बनाने का अवसर उपलब्ध है। प्रवक्ता या प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक माध्यमिक विद्यालयों में अनिवार्य और ऐच्छिक विषय के रूप में संस्कृत विषय पढ़ाया जाता है। संस्कृत से स्नातक परीक्षा (शास्त्री, बीए) उत्तीर्ण और अध्यापन में प्रशिक्षण (बीएड) प्राप्त अभ्यर्थी इसके लिए पात्र होते हैं। समय समय पर केवीएस व समस्त राज्यों के शिक्षा विभाग इसकी सूचना प्रकाशित करते रहते हैं। प्रशासनिक सेवा संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से प्रतिवर्ष रिक्तियां निकाली जाती हैं। संस्कृत से स्नातक युवाओं को प्रशासनिक सेवा में जाने तमाम अवसर उपलब्ध हैं। सहायक व्याख्याता देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में संस्कृत का अध्यापन किया जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक व्याख्याता की नौकरी कर सकते हैं।अनुसंधान सहायक कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को अनुसंधान के लिए छात्रवृत्ति मिलती है।

आजादी के 75वे वर्ष में जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, वही गुलामी की एक और प्रतिक को समाप्त करते हुए राष्ट्रपतिभवन में स्थित मुगलगार्डन का नाम अब अमृतउद्यान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई।
**-महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

लाल चौक पर तिरंगा लहराकर भारत से किया वादा आज पूरा हुआ।
नफरत हारेगी, मोहब्बत हमेशा जीतेगी, भारत में उम्मीदों का नया सवेरा होगा।
**- राहुल गांधी**





**रक्षा** और सुरक्षा के क्षेत्र में जाने को लेकर आज देश की बेटियों का उत्साह देखते ही बनता है। यही वजह है कि सेना के तीनों अंगों में अग्रिम मोर्चों पर उनकी तैनाती का रास्ता खुल गया है।
**- नरेन्द्र मोदी**

# अमरत्व

## धर्म-प्रवाह

**अनुराग वत्स**

**आत्मा** की अमरता के बारे में गीता के ज्ञान का आदि-स्रोत कठोपनिषद को माना जाता है। इसके मूल में मृत्यु, उसका भय, उस भय से उबरकर ज्यादा बड़े अर्थों में जीवन जीने की राह की तरफ इशारे हैं। इन राहों पर चलकर हम शायद वह अमरता भी पा सकते हैं, जो उन लोगों के हिस्से आई, जिनके बारे में हम महापुरुष सरीखा संबोधन प्रयोग में लाते हैं।

कठोपनिषद एक कहानी से शुरू होता है। इसके दो अहम किरदार हैं। यम और नचिकेता। हालांकि कहानी की शुरूआत वाजश्रवा के एक श्राप से होती है। श्राप भी ऐसा, जिसमें मृत्यु की कामना है। श्राप देने वाले वाजश्रवा हैं। उसे झुक कर स्वीकार करने वाला कोई और नहीं, उनका बेटा नचिकेता है।

हुआ यूं कि वाजश्रवा ने अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए यज्ञ करने की ठानी। यज्ञ पूरा हुआ, तो दान की बारी आई। दान में वह लोगों को बूढ़ी, बीमार और बांझ गाएं दिए जा रहे थे। बालक नचिकेता को लगा कि गायों के बाद शायद मेरी बारी आए क्योंकि दान में तो वह दिया जाता है, जो सबसे प्रिय हो।

बालक ने पिता से जिद करके पूछना शुरू कर दिया, ह्यभला आप मुझे किसे दान में देंगे। इससे झल्लाए पिता ने कहा, जा, मैं तुझे मृत्यु को देता हूं। बेटे को श्राप देने के बाद पिता को पछतावा होने लगा। वह बहुद दुखी हो गए। लेकिन बालक नचिकेता पिता को प्रणाम कर मृत्यु के देवता यमराज के द्वार जा पहुंचा।

## कॉर्टून वर्ल्ड



साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### सजग मतदाता

**चुनाव** से पूर्व हर राजनीतिक पार्टी अपने घोषणा-पत्र में लोकलुभावनी घोषणाएं करती हैं। इसलिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं ताकि घोषणा पत्र में ऐसी बातें रखी जाएं, जिससे जनता को अपनी ओर आकर्षित किया जा सके। परन्तु अब जनता इन राजनेताओं के वादों, घोषणाओं से पूरी तरह सावधान रहती है। आखिर इसकी दवा क्या है?
**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

### वादे हैं वादों का क्या

**पांच** साल बाद होने वाले चुनाव में हर बार नया घोषणा पत्र और नये वादे लेकर नेता लोग जनता के बीच में आते हैं। चुनाव के समय जनता को भ्रमित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा इतने सारे झूठे और खोखले वादे किए जाते हैं। इन नारों और वादों को रोक पाना आम आदमी के बस की बात नहीं है, इसलिए चुनाव आयोग को सख्त निर्णय लेना चाहिए। तब देखें कौन कितने वादे करता है।
**- रमण सिंह, रांची**

# स्वास्थ्य और आय पर टैक्स का दायरा कम करना आवश्यक



**रविरंजन**

**सरकार** द्वारा इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को बढ़ाना चाहिए। अभी इस धारा के तहत 25,000 रुपये तक के प्रीमियम पर टैक्स डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है। इसमें पति/पत्नी, बच्चों समेत खुद की पॉलिसी पर जमा किया गया प्रीमियम शामिल होता है। अगर माता/पिता वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आते हैं और उनका प्रीमियम भरते हैं तो 50,000 रुपये तक का टैक्स छूट क्लेम कर सकते हैं। वृद्धावस्था में चिकित्सा व्यय में काफी बढ़ोतरी हुई है। वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम की कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये किया जाना उपयुक्त होगा। चूंकि अभी भी स्वास्थ्य संबंधी बढ़ती चुनौतियों के बीच देश में स्वास्थ्य बीमा अधिक चलन में नहीं है और अधिकतर लोगों के स्वास्थ्य बीमे का कवर अस्पताल के खर्चे से निपटने के लिए भी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में सरकार के द्वारा 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स छूट को बढ़ाना चाहिए ताकि टैक्सपेयर्स हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर प्रेरित हों। 80डी में कर छूट सीमा को बढ़ाने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सीमा बढ़ाये जाने से लोगों को स्वास्थ बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। स्वास्थ्य बीमें को सस्ता किया जाना भी जरूरी है। इस पर 18 फीसदी जीएसटी है जिसे कम करने की जरूरत है। सार्वजनिक भविष्य निधि

## बजट

(पीपीएफ) में योगदान की वार्षिक सीमा को मौजूदा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जाना चाहिए। पीपीएफ के तहत अधिकतम अंशदान सीमा बढ़ाने की मांग के पीछे तर्क यह है कि उद्यमियों और पेशेवरों द्वारा पीपीएफ का उपयोग बचत के साधन के रूप में किया जाता है। वर्ष 2023-24 के बजट में घर खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के मद्देजनर सरकार को होम लोन के ब्याज पर टैक्स छूट को बढ़ाना चाहिए और होम लोन के ब्याज रीपेमेंट पर मिलने वाले बेनिफिट की लिमिट को दो लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये किया जाना उपयुक्त होगा। होम लोन पर ब्याज में कटौती की सीमा को बढ़ाने से मकानों की ब्रिकी में तेजी आने की संभावना होगी। वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, के लिए मूल कर छूट की सीमा 3 लाख रुपये है। अति वरिष्ठ नागरिकों, जिनकी 80 वर्ष से अधिक आयु है, के लिए मूल कर छूट की सीमा 5 लाख रुपये है। ऐसे में आगामी बजट 2023-24 में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बुनियादी आयकर छूट सीमा को संशोधित करना जरूरी दिखाई दे रहा है। सामान्यतया वे अपनी छोटी बचत और उस पर अर्जित ब्याज पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में आगामी बजट में 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मूल आयकर छूट सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये तथा 80 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को कर से छूट मुक्त राशि 7.5 लाख रुपये की जानी उपयुक्त होगी।अब उम्मीद है कि आगामी बजट में वित्तमंत्री नये टैक्स स्लैब के प्रारूप में बदलाव करके छोटे करदाताओं से नई राहत दे सकती हैं। इससे नए टैक्स प्रारूप के प्रति करदाताओं का आकर्षण बढ़ेगा।

नए कर प्रारूप की घोषणा वर्ष 2020-21 के बजट में की गई थी, लेकिन अब तक इसके तहत लाभ लेने के लिए आयकरदाताओं का विशेष रुझान नहीं बढ़ा है। आयकर मूल्यांकन वर्ष 2022-23 में करीब 7.53 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल हुए, इनमें से 50 लाख से कम इनकम टैक्स रिटर्न नए टैक्स प्रारूप के तहत दाखिल हुए। ऐसे में आगामी बजट में नए टैक्स प्रारूप को आकर्षक व लाभप्रद बनाए जाने की संभावनाएं हैं।

# भाजपा: चार दशक की बेहतरीन सफलता

**सुमित पचौरी**

**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा से उपजी भारतीय जनता पार्टी आज अपने स्वर्णिम काल में है। 06 अप्रैल, 1980 को गठित भारतीय जनता पार्टी के मूल में स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा निर्मित भारतीय जनसंघ की एक राष्ट्रवाद की परिकल्पना है तो दूसरी तरफ राष्ट्र के पुनरुत्थान का जज्बा भी। 06 अप्रैल, 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद पार्टी का पहला अधिवेशन दिसंबर 1980 में मुंबई में हुआ था। इस अधिवेशन में भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि भाजपा का अध्यक्ष पद कोई अलंकार की वस्तु नहीं है, यह पद नहीं दायित्व है, प्रतिष्ठा नहीं है, परीक्षा है, यह सम्मान नहीं है चुनौती है, मुझे भरोसा है कि आपके सहयोग से और देश की जनता के समर्थन से मैं इस जिम्मेदारी को ठीक तरह से निभा सकूंगा।

अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा, भारत के पश्चिमी तट को मंडित करने वाले महासागर के किनारे खड़े होकर मैं यह भविष्यवाणी करने का साहस करता हूं कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। 41 साल पहले की गई अटल जी की यह भविष्यवाणी आज सच हो रही है और 11 करोड़ से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी लोगों के सामने है। अटल जी ने न सिर्फ अपने वादों को निभाया बल्कि भारतीय जनता पार्टी को भारत के राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में एक श्रेष्ठ स्थान दिलवाया जिसकी वजह से आज एक मजबूत राजनैतिक दल के रूप में देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक अलग पहचान भारतीय जनता पार्टी बना चुकी है।

अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर के लिए संघर्ष हो, जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को लेकर चली आ रही गफलत हो या फिर देश को एकजुट करने की बात हो, भारतीय जनता पार्टी देशवासियों से किए गए अपने वचन को पूरा करने में सफल रही है। हमारा नेतृत्व हमेशा से ही शक्तिशाली, दूरदर्शी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत रहा है। हम जब अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण अडवाणी के अध्यक्षीय काल को याद करते हैं तो उसे भी युग की संज्ञा दी जाती है उसे अटल-अडवाणी युग कहा जाता है। के. जना कृष्णामूर्ति, बंगारू लक्ष्मण, हमारे वर्तमान उपराष्ट्रपति एम. वैंकया नायडू, वर्तमान केंद्रीय सरकार में मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडगरी, अमित शाह और अब वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, सबका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय जनता पार्टी के 41 साल के इतिहास में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्षों की एक वैभवशाली परंपरा रही है। चाहे फिर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष हों या फिर राज्यों के अध्यक्ष, वर्तमान में देश के सबसे अधिक राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहोयगी दलों की सरकार है। अगर 2011 जनगणना के आंकड़ों के हिसाब से बात करें तो 2018 में बीजेपी जिन राज्यों में सरकार में थी, वहां की कुल आबादी करीब 84 करोड़ थी, यानी देश की कुल जनसंख्या का 70 फीसदी। यह सफलता हमने हमारे प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अमित शाह के नेतृत्व में हासिल की गयी है। राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय एकताः भाजपा इसको मंत्र मानकर चलती है और इससे कोई भी समझौता न किया है और न करेगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रामगढ़ उप चुनाव में नामांकन प्रकिया शुरू

## उपायुक्त ने कहा, सात फरवरी तक भरा जा सकेगा पर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता


पत्रकारों को संबोधित करती जिला निर्वाची पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे एवं निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के साथ समाहरणालय सभाकक्ष रामगढ़ में प्रेस वार्ता की। इस दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18 जनवरी 2023 को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन की घोषणा के उपरांत 31 जनवरी 2023 को गजट नोटिफिकेशन के पश्चात निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर नामांकन 7 फरवरी 2023 तक पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ में किया जा सकेगा। संवीक्षा का कार्य 8 फरवरी 2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे से शुरू होगा । वहीं, 10 फरवरी 2023 को अपराहन 3:00 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकते हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान मतदान 27 फरवरी 2023 को पूर्वाहन 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगा। उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को बताया कि मतदान प्रक्रिया के लिए विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों की नियुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उपचुनाव के दौरान कुल 2025 मतदान कर्मी, 69 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 63 माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। साथ ही सभी को चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है।

मतदान केंद्रों की जानकारी देने के क्रम में सुश्री मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कुल 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाए गए हैं । जिनमें रामगढ़ प्रखंड में 118 में दुलमी प्रखंड में 64, चितरपुर प्रखंड में 70 एवं गोला प्रखंड में 153 मतदान केंद्र बनाए गए है। रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कुल 55 सेक्टर एवं 10 क्लस्टर बनाए गए हैं। मतदान कर्मियों एवं मतदान सामग्री को सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। साथ ही मतदान कर्मियों के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। 405 मतदान केंद्रों में 244 मतदान केंद्र अति संवेदनशील, 114 संवेदनशील एवं 47 सामान्य मतदान केंद्र है। चुनाव हेतु जिले को पर्याप्त संख्या में ईवीएम प्राप्त है जिनका एफएलसी का कार्य सूचना भवन रामगढ़ में किया जा रहा है।

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या निर्वाची पदाधिकारी से प्राप्त होते ही ईवीएम के कमिश्निंग कार्य कराया जाएगा। रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के लिए स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग हॉल रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु जिले में कुल 3 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 3 स्टैटिक सर्विलेंस टीम एवं 3 वीडियो सर्विलेंस टीम बनाए गए हैं।

## एक नजर में

### दो करोड़ चौंसठ लाख की लागत से होगी दिग्वार के चौड़ी नदी पर पुल का निर्माण

**दारु।** ग्रामीण विकास विभाग के तहत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत हजारीबाग जिला के दारू प्रखंड के दिग्वार पंचायत के चानो खुर्द बंधु टोली के बीच मंगलवार को चौड़ी नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने किया। विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह पुल बंधु टोली एवं चानो रोड को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग होगा।दो करोड़ 64 लाख की लागत से 38.72 मीटर लंबी पुल का निर्माण होगा। पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर खुशी जाहिर की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि,विधायक प्रतिनिधि इंद्रदेव सिंह, सहायक अभियंता दयानंद राम, कनीय अभियंता रुस्तम आजाद,कृष्णा प्रसाद, सत्यम मिश्रा, बालेश्वर यादव, रंजित मुरमू, रामजी मुर्मू ,इंद्रदेव पासवान, प्रदीप पासवान , श्याम सिन्हा, सोनू सिन्हा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जागृति महिला संघ एवं संस्कृति महिला समिति के द्वारा आनंद मेला का आयोजन

**हजारीबाग।** एनटीपीसी हजारीबाग की कोयला खनन परियोजनाओं की महिला विंग जागृति महिला संघ एवं संस्कृति महिला समिति के द्वारा आनंद मेला 2023 का भव्य आयोजन किया गया। मेले की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने रिबन काटकर एवं गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया। मेले का आयोजन हजारीबाग के मौलाना आजाद इंदौर स्टेडियम में किया गया जहां परियोजना के तमाम पदाधिकारी एवं उनके परिवार, सह संबंधित संस्थाओं के कर्मचारी, उनके परिजन एवं सैकड़ों अन्य लोग शामिल हुए। इस भव्य मेले में एनटीपीसी कर्मचारियों के द्वारा खान-पान के विभिन्न स्टाल लगाए गए थे जहां पर देशभर के विभिन्न व्यंजनों को चखा जा सकता था। इस मेले की खासियत की जिक्र करें तो चाहे आपके पास कितना ही पैसा क्यों न हो आप किसी भी सामान को नहीं खरीद सकते अगर आपके पास आधिकारिक कूपन न हो तो। यह कूपन प्रणाली इस मेले को दूसरे मेलों से अलग एवं रोचक बनाती है। इस बेहद खास मौके पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की त्रैमासिक पत्रिका 'खनन संवाद' का भी विमोचन किया गया। पत्रिका विमोचन एवं आनंद मेला 2023 में परियोजना प्रमुख शिवम श्रीवास्तव के अलावा चट्टी बरियातू, केरेडारी एवं बादाम परियोजना के प्रमुख, जागृति महिला संघ की अध्यक्ष एवं सदस्यगण और सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे।

### अलौंजा खुर्द पंचायत भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**इचाक।** महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के किसान महिला दीदी को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा अलौंजा खुर्द पंचायत भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया ।जिसका समापन समारोह में मुखिया सिकेन्द्र प्रसाद मेहता एवं उधान विभाग के सहायक निर्देशिका निकिता कुमारी एवं जी टी भारत के निर्भय कुमार एवं एफ पी ओ के दीदी लोग ने किसानों को संबोधित किया ।तथा उन्नत खेती एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षित किसान दीदी खेती कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं सहायक निर्देशिका निकिता कुमारी ने कहा किसान प्रति बंजर भूमि पर अनेक तरह के खेती कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर अंजू देवी ,इंदु कुमारी, राधा देवी, उषा कुमारी, नीतू देवी, सीमा कुमारी, सहित प्रखंड की दर्जनों महिला प्रशिक्षण मे शामिल हुए जिनमें सुमित्रा देवी, सरिता देवी, उषा देवी, मनिता देवी, सविता देवी, एवं अन्य महिलाएं उपस्थित हुए। प्रशिक्षित महिला किसान दीदी को निर्देशिका निकिता कुमारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया ।

### देव दर्शन सह सामूहिक भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग की समिति सह आचार्य परिवार ने माता छिन्नमस्तिका मंदिर ,रजरप्पा में जाकर माता के दर्शन एवं उनकी पूजा-अर्चना पूरे भक्ति भाव के साथ की' गौरतलब है कि देव दर्शन के इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय ,कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र सपरिवार तथा आचार्य गण सपरिवार सामूहिक भोज में शामिल हुए' सामूहिक भोज के कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर ,रजरप्पा के प्राचार्य उमेश प्रसाद ,कुम्हारटोली विद्यालय के पूर्व प्राचार्य जय नारायण पांडे पूर्व छात्र चंद्रशेखर आजाद एवं विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी शामिल हुए' कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रभारी मृगेंद्र नाथ शुक्ला, आचार्य अनिल कुमार एवं पंकज कुमार मिश्र का सराहनीय प्रयास रहा है' मौके पर आचार्य बंधु -भगिनी एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थे'

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा में किया चावल वितरण

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी पसंस विनय कुमार बीआरसी मनीषा कुमारी सीआरपी नवीन कु.वर्मा विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरविंद केसरी के अथक प्रयास और काफी मशक्कत के बाद 2022 में लोकडाउन के दौरान छात्र छात्राओं को प्रति पूर्ति के तहत चावल नही किया गया था। जिसकी खबर मुखिया पसंस बीआरसी, सीआरपी विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष को मिला तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए विद्यालय कुल 27 छात्र छात्राओं के बीच चावल का वितरण किया। छात्र छात्राओं में प्रति पूर्ति के तहत राशन पाकर काफी खुशी देखा जा रहा था।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बरही के कई दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**बरही।** अभिहित अधिकारी व अनुमंडल पदाधिकारी बरही के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी द्वारा बरही के कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें कई दुकानदारों को नोटिस किया गया एवं निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द वे अपना लाइसेंस रजिस्ट्रेशन करवा ले। उनमें से संतोष किराना स्टोर, हजारीबाग रोड, बरही शीतल किराना स्टोर, हजारीबाग रोड, चिकन सेंटर, साहिल मुर्गा दुकान, हजारीबाग रोड, वीर हिंदू झटका दुकान, हजारीबाग रोड, रिया चिकन मटन, हजारीबाग रोड, हिंदू झटका मिट दुकान, भोला मुर्गा दुकान, पतंजलि स्टोर, धीरज कुमार मेहता झटका दुकान, मेहता सेंटर शामिल है। वही युवराज फैमिली रेस्टोरेंट में पनीर का सैंपल लिया गया एवं सैंपल को जांच हेतु रांची लैब भेजा गया। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर विकास शर्मा, अनुसेवक अनंत किशोर एवं चालक इंदर आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने बापू की पुण्यतिथि मनायी

**बरही।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गयी पदयात्रा देश की सबसे लंबी और विशाल भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर में संपन्न होने की खुशी और गौरव का का पल पूरे देश में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा मनाया गया। बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में भी राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराकर भारत जोड़ो यात्रा के सफलता पूर्वक पूर्ण होने की खुशी मनाई गई। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का शहादत दिवस भी मनाया गया और उन्हें भी यादकर व नमनकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर प्रखंड कार्यालय में कश्मीर के शेरे कश्मीर स्टेडियम में खराब मौसम और बर्फबारी के बाद भी आयोजित भारत जोड़ो यात्रा की समापन सभा का प्रसारण टीवी पर लाइव देखने की भी व्यवस्था की गई। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने हिस्सा लिया। प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में ध्वजारोहण, राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि एवं कश्मीर की समापन सभा लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार, बरही विधानसभा कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष उदय केसरी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस सेवा दल विस अध्यक्ष उदय केशरी, प्रखण्ड विधाहक प्रतिनिधि सुनील कुमार साहू, पंसस मो तैयब अंसारी, सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पुआल में लगी आग ने छीनी दो नौनिहालों की जिन्दगी

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के चेचकपी में सोमवार को दर्दनाक घटना घटी। घर में रखा पुआल में आग लग गई। जिसमे साक्षी कुमारी पिता तालेवर सिंह 4 वर्ष और अविनाश कुमार पिता पिंटू सिंह 3 वर्ष की मौत के गले समा गए। घटना सोमवार शाम चार बजे की है। मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने बताया की घटना । जब दोनों बच्चे पुआल में खेल रहे थे कि अचानक पुआल में आग लग गई। आग की लपेटों को देखते हुए मुखिया प्रतिनिधि व स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया गया परन्तु तब तक काफी देर हो चुकी थी। दोनों बच्चे दम तोड चुके थे। इस खबर से क्षेत्र में मातम का माहौल है। विधायक अमित कुमार यादव ने परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। सरकारी लाभ देने की बात कहा। जिप सदस्य कुमकुम देवी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं कुमकुम देवी ने दुखित परिवार को आर्थिक सहयोग किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है।

### चेतमा नदी में मिला अज्ञात शव

**बासल (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिहरपुर चेतमा नदी में मंगलवार की सुबह शव बरामद हुआ है। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों ने सुबह पतरातू डैम से सटे चेतमा नदी में एक शव को छपलते देखा। इसके बाद इसकी सूचना बासल थाने को दी गई। सूचना मिलने के बाद बासल पुलिस ने स्थानीय नाविकों के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकाला। शव कंकाल में तब्दील हो चुका था। जिसके कारण कयास लगाया जा रहा है शव काफी पहले का है। वहीं पुलिस ने शव को पोटस्मार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। मामले पर थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने बताया कि शव काफी पुराना है। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ पता चल पायेगा। फिलहाल यूडी केस दर्ज कर अनुसंधान जारी है। उन्होंने बताया कि रामगढ़ में शव पुराना होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

### प्रतिमा का हुआ नगर भ्रमण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उरीमारी में चल रहे वैदिक श्रीश्री 1008 तीन दिवसीय श्री हनुमत लला प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन प्रतिमा का ढोल-नगाड़ों के बीच नगर भ्रमण कराया गया। गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञाचार्य आचार्य उमेश पाठक की देखरेख में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। वहीं रात्रि में भजन-कीर्तन में श्रद्धालु जमकर झुमे। इससे पूर्व 30 जनवरी को निकले कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए। यज्ञ समिति ने बताया कि बुधवार को सार्वजनिक हवण, भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

# वर्करों की मांग है जायज : अंबा प्रसाद

## विधायक के नेतृत्व में त्रिवेणी के गारमेंट वर्करों एवं कंपनी के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता

### वर्करों को किसी दूसरे एजेंसी में स्थानांतरण नहीं करने एवं वर्तमान वेतनमान में ही काम करने की बनी सहमति

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** पूर्व निर्धारित तिथि के आलोक में त्रिवेणी कंपनी के सीकरी स्थित त्रिवेणी अपैरल्स गारमेंट फैक्ट्री में कार्य कर रहे वर्करों और कंपनी के अधिकारियों के बीच विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार को लंगातू कार्यालय के सामने वार्ता हेतु बैठक की गई। विधायक ने कंपनी के अधिकारियों से सभी मामलों पर विस्तार पूर्वक मंतव्य मांगा । विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा पूरी बैठक की वीडियोग्राफी की गई। मजदूरों की मांग पर त्रिवेणी कंपनी के अधिकारियों ने मजदूरों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी दूसरी एजेंसी में नहीं भेजा जाएगा बल्कि जो जैसे कार्य कर रहे हैं वैसे करते रहेंगे । कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि मजदूरों का वेतन बढ़ोतरी करने में फिलहाल कंपनी असमर्थ है । विधायक ने इस मौके पर कहा कि लगातार तीन साल से गारमेंट फैक्ट्री में वर्कर कार्य कर रहे हैं परंतु उन्हें आज तक सही दर्जा एवं सही श्रेणी प्रदान नहीं की गई है। लोगों को औने- पौने वेतन देकर काम करवाया जा रहा है। मजदूरों का शोषण त्रिवेणी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बैठक में कंपनी के अधिकारियों द्वारा मजदूरों का वेतन बढ़ोतरी करने में असमर्थ पर विधायक ने कंपनी के अधिकारियों को इस बात को लिखित मांगी गई। वही मजदूरों द्वारा काफी कम वेतनमान पर ली जा रही कार्य श्रम कार्यालय के जानकारी में है कि नहीं उसका भी प्रमाण लिखित रूप से मांगा। विधायक ने कंपनी के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मजदूरों की मांगे जायज है और उन्हें जब तक खनन एरिया में नौकरी और अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती है तब तक मजदूरों का हक अधिकार दिलाने के लिए मुहिम जारी रहेगी। वहीं उन्होंने प्रबंधन पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी प्रबंधन आज तक उन्हें ट्रेनिंग का दर्जा दे रही है जबकि वह इस कार्य में काफी कुशल हैं।अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि अगर कंपनी अपने रवैया को नहीं सुधारती है और स्थानीय को 75 प्रतिशत रोजगार नहीं उपलब्ध कराती है तो बाध्य होकर वर्कर आंदोलन करेंगे।वार्ता में एचआर महाप्रबंधक प्रशांत दास, महाप्रबंधक रवि चंद्रन, उप महाप्रबंधक मयूर सिंह, प्रबंधक संतोष झा, मदन मोहन शर्मा, पीआरओ गौतम मिश्रा,प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, पदुम साव,पंकज साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जागरूकता के तहत क्षय रोगों का सफाया सम्भव : राजेन्द्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता


उपायुक्त नैंसी सहाय से प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद

**बरही।** टीवी बीमारी असाध्य नही है,इसे समाप्त करने के लिए जागरूकता की जरूरत है।इस बात की जानकारी धनवार पंचायत की मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया।विगत सप्ताह उन्होंने पंचायत के 11 मरीजों को स्वस्थ्य करने के लिए उन्हें गोद ले लिया।इस जनहित कार्यक्रम से प्रभावित होकर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने 11 टीबी के मरीजों को गोद लेने पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया।उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि चिकित्सकों के द्वारा दिये गये परामर्श व टीबी का दवा नियमित रुप से लेने मरीज जल्द ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि मरीजों का सेवा करना सबसे बड़ा धर्म होता है। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वही धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जन सहभागिता के द्वारा ही क्षय रोगों का विनाश किया जा सकता है। टीबी के रोगी को दवा के साथ-साथ बेहतर पोषक तत्व की आवश्यकता होती है। यदि उन्हें सही मात्रा में पोषकतत्व मिले और वह पूरा इलाज ले, तो रोगी जल्द ही स्वस्थ हो सकते हैं। ज्ञात हो कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में प्रखंड के धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 टीवी मरीजों को गोद लिया था।

## डीएलएड सत्र 20-22 की मुख्य परीक्षा शुरू पहले दिन केंद्रों पर रही अफरा-तफरी की स्थिति

### चार केंद्रों में ली जा रही है परीक्षा

खबर मंत्र संवाददाता


परीक्षा देते परीक्षार्थी

**हजारीबाग।** झारखंड अधिविध परिषद(जैक) द्वारा ली जानेवाली डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एडुकेशन(डीएलएड) सत्र 2020-22 की मुख्य परीक्षा मंगलवार को शुरू हो गई। जिले में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें राजकीय बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, श्री कृष्ण आरक्षी विद्यालय, संत कोलंबा कॉलीजिएट स्कूल और इंटर साइंस कॉलेज के नाम शामिल हैं। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए फ्लाइंग स्क्वाड विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा करेगी।

**दो पालियों में ली जा रही है परीक्षाः** डीएलएड की परीक्षा दो पालियों में संचालित की जा रही है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से एक बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे से पांच बजे तक चलेगी। बता दें कि चार फरवरी तक यह परीक्षा चलेगी।

**चंद मिनट पूर्व परीक्षार्थियों को प्रवेश दी गयीः** सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली परीक्षा में गवर्नमेंट गर्ल्स प्लस टू विद्यालय में परीक्षार्थियों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति देखी गई। दरअसल जिस समय परीक्षा शुरू हो जानी चाहिए थी उससे चंद मिनट पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दी गई।इससे वहां अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

### मोबाइल को लेकर परेशान दिखे परीक्षार्थी

डीएलएड परीक्षा के कई परीक्षार्थी दूसरे राज्यों के होने के कारण मोबाइल लेकर उक्त परीक्षा केंद्र में पहुंचे थे। हालांकि परीक्षार्थियों को मोबाइल लेकर जाने की अनुमति नहीं है। ऐसे में उक्त परीक्षा केंद्र में उन्हें मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। इससे कई परीक्षार्थी परेशान दिखे। परीक्षार्थियों ने स्कूल प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि कम-से-कम किसी स्थान पर उनके मोबाइल को रखने की व्यवस्था स्कूल द्वारा की जानी चाहिए।

# नियमानुसार समस्याओं का होगा समाधान : अजय

## पोटंगा पारगढ़ा में बिरसा कोलियरी विस्तारीकरण को लेकर हुआ विशेष ग्रामसभा

### वन भूमि 6531 व जंगल-झाड़ी 3480 हेक्टेयर भूमि को ले ग्रामीणों ने अपनी बातों को रखा

खबर मन्त्र संवाददाता


ग्रामसभा में मौजूद ग्रामीण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पोटंगा पंचायत के पारगढ़ा फुटबॉल मैदान में मंगलवार को बरका-सयाल प्रक्षेत्र के बिरसा परियोजना विस्तारीकरण को ले विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता पोटंगा मुखिया चरका करमाली व संचालन बरका-सयाल के एसओपीएंडपी सुबोध कुमार ने किया। ग्रामसभा में सीसीएल प्रबंधन, वन विभाग, अंचल विभाग व ग्रामीण काफी संख्या में मौजूद थें। वन भूमि 65. 31 हेक्टेयर व जंगल-झाड़ी 34.80 हेक्टेयर भूमि को ले वन अधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेने को ले ग्रामसभा में भारी संख्या में रैयत, विस्थापित व ग्रामीण मौजूद थें। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा। जिसमें मुख्य रूप से जमीन के बदले नौकरी, रोजगार व विस्थापित गांवो में मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रमुख था। मौके पर बरका-सयाल के जीएम अजय सिंह ने कहा कि भारत सरकार व सीसीएल कंपनी नियमानुसार ग्रामीणों की समस्याओं का हर हाल में समाधान करेगी। वहीं ग्रामसभा में ग्रामीणों का कहना था कि हमलोग विकास विरोधी नहीं हैं। क्षेत्र में परियोजना का विस्तार हो लेकिन ग्रामीणों को हर हाल में रोजगार मुहैया कराया जाए। इससे पूर्व सीसीएल प्रबंधन द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि, वनाधिकार समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणों का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर बिरसा पीओ डी शिवादास, मैनेजर रामेश्वर मुंडा, पंसस बभनी देवी, किशोर बेदिया, उपमुखिया रविन्द्र सोरेन, सोनाराम मांझी, सूरज बेसरा, संजय करमाली, गणेश गंझू, जीतन मुंडा, कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी, रीना देवी, फुलमती देवी, अनिता मरांडी, विनोद हेम्ब्रोम, सनी सोरेन, विजय सोरेन, अजय मरांडी, त्रिलोक सोरेन, अकल मुंडा, धर्मदेव करमाली, मोहन सोरेन, नितिश रमण, रितिक दास गुप्ता, प्रिंस कुमार, संजीव देव गुप्ता, संतोष कुमार, बड़कागांव प्रखंड सीआई अनोज कुमार, ब्रह्मदेव रवानी, नवलकिशोर प्रसाद, वनाधिकार समिति अध्यक्ष सुरेश मुर्मू, सचिव बेनीलाल मांझी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

### सीसीएल कुजू क्षेत्र के दो अधिकारी समेत 11 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत दो अधिकारी सहित 11 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त को लेकर सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से सीसीएल कुजू महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत होने वाले अधिकारी व कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले कामगारों के द्वारा कंपनी के प्रति किए गए कार्यों की सराहना करते हुए आभार जताया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य जीवन की कामना की। समारोह का संचालन एसओपी एमएफ हक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक भूषण यादव के द्वारा किया गया।

स्पीड न्यूज

### अखंड हरिकृतन का आयोजन

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोडार ग्राम में स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार से अखंड हरि कृतन का आयोजन किया गया। वही अखंड हरि कृतन का कार्यक्रम पण्डित राजेश पाठक द्वारा पूजन हवन करा कर प्रारम्भ कराया गया। अखंड हरि कृतन आयोजन कमिटी के शरद यादव,बिनोद साहु, कपिन्द्र यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गाँव मे अखंड हरि कृतन का आयोजन होता है। यह कार्यक्रम लगभग 10 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। मौके पर अजय उराँव, अभिषेक साहु, रणजीत यादव,अजय साहु, राजेन्द्र जायसवाल,आनन्द साहु, बृजमोहन साहु सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्त जन मौजूद थे।

### एसपी ने किया थाना का निरीक्षण



**लोहरदगा।** जिले के पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा मंगलवार को बगडू थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस कप्तान को पुलिस के जवानों द्वारा सलामी दी गई। निरीक्षण के क्रम में बगडू थाना परिसर का भ्रमण कर जवानों के बैरक, मोर्चा, भवन आदि का मुआयना किए तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उग्रवादियों के विरुद्ध सूचना तंत्र को मजबूत करने एवं मददगारों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण में एसडीपीओ लोहरदगा, सर्किल इंस्पेक्टर किस्को, थाना प्रभारी बगडू एवं अन्य कनीय पुलिसकर्मी वो जवान उपस्थित थे।

### अपने कर्तव्य को भी समझना जरूरी है : मनोरमा



**लोहरदगा।** जिला में लगातार चलाये जा रहे सुरक्षित गाँव कार्यक्रम (रश्ढ) हेतू होप एवं माई चॉइस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिला अंतर्गत लोहरदगा प्रखंड के ब्रह्मंडीहा स्कूल में होप और ओरा के संयुक्त भागीदारी से किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु सुरक्षित गांव कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन , ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, मानव दुर्व्यवपार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यापार,सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे ओरा टीम से अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा और स्कूल के शिक्षक एवं 130 बच्चों ने भाग लिया।

### कांग्रेसी नेता की मां का निधन

**गुमला।** सिसई के वरिष्ठ कांग्रेसी महमूद अली की माँ के निधन पर जिले के कांग्रेसियों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान,एजाज अहमद,रमजान खान, अमर कुजूर, फिरोज आलम ,अरुण कुमार गुप्ता, शाहजहाँ अंसारी आदि के नाम शामिल है।

### झामुमो ने फूंका भाजपा का पुतला



**गुमला।** भाजपा के इशारे पर राज्यपाल के द्वारा स्थानीय नीति विधेयक को वापस भेजे जाने पर मंगलवार को जिला झामुमो के द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया और टावर चौक में भाजपा का पुतला दहन किया गया। भूषण तिर्की तिर्की ने कहा कि झारखंड राज्य की लड़ाई लड़ कर ली गई है अपने हक व अधिकार की लड़ाई भी झारखंड लडकर लेंगे। इस अवसर पर मो. आरिफ अंसारी, रंजीत सिंह, नुरूल होदा, संजय सिंह, मो. अनवर खान, मो. लड्डन, जेम्स तिर्की, शशि साहु, प्रदीप सिंह,कृष्णा लोहरा, अफसर आलम, मो.गयास, राकेश कुमार, रमेश लोहरा आदि उपस्थित थे।

# शहर मुख्यालय में हो रहा डीएफएफटी फंड का यूज, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बदहाल

प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को आवेदन देकर थक चुके ग्रामीणों ने उठाया कदम

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया गांव का दौरा, गांव की स्थिति देखकर चकित हुए जिलाध्यक्ष



श्रमदान कर सड़क का निर्माण करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय से महज सात किलो मीटर दूर बसे नवाडीह पंचायत के पड़की टोली गांव में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। विकास की किरणों के इंतजार में ग्रामीणों की आंखें पथरा गई। लेकिन गांव के विकास के लिए कभी किसी ने पहल नहीं की। गांव जाने के लिए एक सड़क भी मयस्सर नहीं है। शहर से सात किलो मीटर दूर बसे इस गांव के विकास में न तो कभी प्रशासन ने और न ही जिले के जनप्रतिनिधियों ने दिलचस्पी दिखायी। गांव की हालत इतना खराब है कि लोग पगडंडियों का सहारा लेकर किसी तरह गांव पहुंचते हैं। थक हार कर ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क का निर्माण आरंभ किया है। वहीं शहर मुख्यालय से लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में डीएफएफटी फंड से बड़े-बड़े भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यालयों का रंगरोगन हो रहा है लेकिन जहां चलने के लिए एक सड़क भी नहीं है। जबकि डीएमएफटी फंड का प्रयोग ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में अधिक किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। पड़की गांव की स्थिति का खुलासा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के गांव दौरे से हुआ। चैतु उरांव अपनी टीम के साथ पड़की टोली गांव पहुंच थें। गांव के लोगों ने बताया कि हम लोगों ने कितने ही बार जिला प्रशासन को लिखित आवेदन दिया यहां तक कि अपने लोकल नेताओं को भी आवेदन दे-दे कर हम लोग थक चुके थे। लेकिन आवेदन पर कोई पहल नहीं हुई। फिर हम लोगों ने सामूहिक बैठक कर निर्णय लिया कि श्रमदान कर रोड बनाएंगे और हम लोगों ने इसमें काम शुरू कर दिया। हम सभी ग्रामीणों को इतने लंबे समय से कठिनाइयां उठाते आ रहे हैं कि किसी का तबीयत खराब हो जाए, बच्चों को स्कूल जाना हो और भी कुछ काम के लिए जिला मुख्यालय जाना हो तो रास्ता नहीं एवं पुल नहीं होने से हम लोगों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। सभी ग्रामीणों की बात को ध्यान से जिलाध्यक्ष सुना और ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों की समस्या को देखने से ही पता चलता है की आप सभी को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा। उन्होंने अश्वासन दिया कि पुल एवं रोड का निर्माण जल्द से जल्द कराएंगे। मौके पर हन्दु भगत, श्रीनिवास प्रसाद ,देवा साहु, तरुण गोप, नारायण लोहरा और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 19 हाथियों का झूंड पहुंचा हंसदोन-सेमरा जंगल, लोग भयभीत



**गुमला।** छतीसगढ़ से प्रवेश किये 22 हाथियों का झंडू लगातार गुमला जिले के चारों ओर परिक्रमा करते हुए उत्पात मचा रहे हैं। हाथियों के झूंड ने अब तक कई लोगों को मार डाला है वहीं कितने ग्रामीणों के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया है। साथ ही फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। लगातार वन विभाग की टीम हाथियों को क्षेत्र से खेदड़ने में जुटी है लेकिन हाथी इस छोर से उस छोर पहुंच जा रहे हैं। इधर जिस गांव में हाथियों का झूंड प्रवेश करता है वहां के ग्रामीण भयभीत हो उठते हैं। फिलहाल 19 हाथियों का झूंड पालकोट थाना क्षेत्र के हंसदोन-सेमरा जंगल के बीच सोमवार रात्रि पहुंचा गया है। इधर वन कर्मी जंगली हाथियों के झुंड पर नजरे जमाए हुए हैं। जिसको देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने अपील की है ग्रामीण हाथियों के नजदीक ना जाए और हाथियों को छेड़छाड़ ना करें। जिससे हाथी उग्र हो उठे।

# सदर अस्पताल स्थित डायलिसिस सेंटर के स्टोर रूम में लगी आग

आग कैसी लगी स्पष्ट जानकारी नहीं है किसी के पास, कर्मियों के भोजन के लिए जाने के बाद हुई घटना

खबर मन्त्र संवाददाता



आग लगने से जली मशीन व अन्य समान

**गुमला।** सदर अस्पताल स्थित डायलिसिस सेंटर में सोमवार की रात लगभग 8:30 बजे आग लग गई। आग लगने से डायलिसिस सेंटर के स्टोर रूप में रखे पांच लाख से अधिक के मेडिकल समान जलकर राख हो गया। इधर आग लगने से अस्पताल में भर्ती मरीजों में अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग के प्रयास से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक स्टोर रूम का सारा समान जल चुका था। आग कैसी लगी यह पहेली बनी हुई है लेकिन लाखों रूपये के कीमती समान जलकर खाख हो गया। डायलिसिस सेंटर के इंचार्ज सीताराम महली ने बताया कि वे लोग प्रतिदिन की भांति रात 8 बजे भोजन करने चले गये थे। भोजन कर वापस लौटे तो देखा कि स्टोर रूम से धुंआ निकल रहा है। इंचार्ज व अन्य कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन वे काबू नहीं कर पाये। वहीं अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग को बुझाया। इधर आग से निपटने के लिए डायलिसिस सेंटर में व्यवस्था होने के बाद भी आग पर काबू नहीं किया जाना समझ से परे है। मामला जो भी हो हादसे के पीछे साजिश की बू आ रही है। क्योंकि आग लगने की घटना की स्पष्ट जानकारी कोई नहीं दे पा रहा है।

# मांगो को लेकर स्वास्थ्य सहियाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

धरने पर बैठी सहियाओ से पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव मिली

खबर मन्त्र संवाददाता



हड़ताल पर बैठी सहियाओं से वार्ता करती पूर्व शिक्षा मंत्री गीता उरांव

**सिसई।** सिसई प्रखंड के 185 स्वास्थ्य सहिया पिछले आठ दिनों से अपनी चार सुत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर बैठी सहियाओं से मंगलवार को पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव मिली।। सहियाओं ने पूर्व मंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखा। सहियाओ ने स्पष्ट कहा कि जब तक सरकार के द्वारा सहिया को प्रत्येक माह 18 हजार मानदेय, सहिया को स्थायीकरण, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा का लाभ नहीं दिया जाता है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। इस पर पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव ने कहा कि प्रखंड के 185 सहियाओ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से प्रखंड के लाभार्थियों को प्रसव,आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का टीकाकरण, गृह भ्रमण कर शिशु की देखभाल सहित स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहा है। मैं मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर इन मांगों से अवगत कराऊंगा। मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड सचिव करीम अंसारी, समाजसेवी मनोज वर्मा, सहिया संघ प्रखंड अध्यक्ष महजबी बीबी, उपाध्यक्ष सुलेखा देवी, सचिव अंजू लता कुजूर, उप सचिव सुगन्ती देवी, नमीता देवी, सहिया आशिषण कुजूर, फुलमनी उरांव, कमला देवी, अनिता देवी, सीता देवी, संगीता देवी, रुकसाना खातून, चन्द्रमुनी देवी, रंथी देवी, वसुन्धरा देवी, शांति देवी, जोषणा विलुंग, प्रभावती देवी, अनिता देवी, रौशन खातून, हफीजा खातून आदि मौजूद थे।

## गरिमा परियोजना से डायन कुप्रथा को खत्म करने का प्रयास

अब तक 181 पीड़ित महिलाओं की पहचान कर उन्हें सहायता प्रदान की जा रही है।

**गुमला।** डायन कुप्रथा एक सामाजिक अभिशाप है और इस अभिशाप से गुमला जिला भी अछूता नहीं है। डायन कहकर महिला को प्रताड़ित करना यहाँ तक कि उनकी हत्या कर देना आम सामाजिक प्रवृति बनती जा रही है। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी की गुमला जिला इकाई इस सामाजिक बुराई को दूर करने पर कार्य कर रही है। जेएसएलपीएस डीपीएम द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में कुल 5 प्रखंडों में डायन कुप्रथा मुक्त समाज के लिए गरिमा परियोजना के रूप में विशेष परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत कुल 50 ग्राम स्तरीय डायन प्रथा से पीड़ित की पहचान करने तथा उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। अभी तक उपरोक्त प्रखड़ों से कुल 181 डायन प्रथा से पीडित महिलाओं की पहचान की गई है। अब तक किये गए परीक्षणों में पाया गया है कि सामान्य तौर पर इन्हें डायन के रूप में परिवार या पडोसी के द्वारा प्रताडित किया गया है और इसके पीछे मुख्य तौर पर जमीन, संपति विवाद, बीमारी, झाड़-फूक कारण है। पीड़ित की पहचान के बाद मामले को निपटान करने के लिए ग्राम स्तर पर बैठक की जा रही है। दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन समाधान न होने की स्थिति में जेंडर सीआरपीएस के द्वारा उन्हें कानूनी सहायता भी दिलायी जा रही है तथा पीड़िता को सामाजिक सुरक्षा योजना से भी जोड़ा जा रहा है।

## बजरंगबली मंदिर की 16 वां वर्षगांठ मना



**घाघरा।** छठ पूजा समिति छठ नगर घाघरा में स्थित बजरंगबली मंदिर का 16 वां वर्षगांठ धूमधाम से मंगलवार को मनाया गया। इस क्रम में छठ नदी से जल उठाकर बजरंगबली की मूर्ति का स्नान भक्तों ने किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमित ठाकुर और उपाध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से बताया कि बजरंगबली मंदिर का 16 वां वर्षगांठ के मौके पर पूजन हवन कार्यक्रम के साथ साथ 12 घंटे की देर शाम अखंड हरी कीर्तन होगा। जिसमें कई प्रखंड के कीर्तन मंडली शामिल होंगे। इस मौके पर उपस्थित लोगो मे ओम मिशेष मिश्रा,संतोष साहू, अजय कुमार गुप्ता अमित ठाकुर आशीष कुमार सोनी अजय गुप्ता ,अमन ठाकुर ,अमर पाठक, आसित सिंह ,लव गुप्ता, रितिक सोनी, सत्यम गुप्ता, जितेंद्र सोनी ,शशी सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो ने भाजपा का फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद के नेतृत्व में पावर गंज चौक लोहरदगा में झामुमो जिला समिति ने भाजपा पार्टी का पुतला फूंका। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा कि विगत 11 नवंबर 2022 को जन भावना के अनुरूप झारखंड विधान सभा से पारित स्थानीयता विधेयक को राज्यपाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर राज्य सरकार को वापस कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी आम जनों की सरकार के द्वारा विधान सभा से पारित स्थानीयता विधेयक को राज्यपाल पर दबाव बना कर झारखंडी हितों की अनदेखी कर यहां के मूलवासियों-आदिवासियों के अस्तित्व को मिटा देना चाहती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा झारझण्डी हितों के रक्षा करना जनता है। इस मौके पर अनिल उराँव, सरिता भगत, ऐनुल अंसारी, अजय उराँव, मो फुरकान अहमद, अख्तर अंसारी, जय तिर्की, अफरोज अंसारी, शंकर उराँव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक नजर में

### 156 तालाबों के निर्माण की डीडीसी ने की समीक्षा



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत जिला में 156 तालाबों के निर्माण/जीर्णोद्धार के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में भूमि संरक्षण, लोहरदगा को 70 तालाबों के निर्माण/जीर्णोद्धार से संबंधित एक्शन प्लान का कार्य एक सप्ताह में अंदर पूर्ण करते हुए प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। जल छाजन लोहरदगा को अन्य पांच नये तालाबों के निर्माण हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, लोहरदगा को 05 तालाबों के निर्माण हेतु एक्शन प्लान व विवरणी आज ही समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य 15 जून से पूर्व पूरा करने का निदेश दिया गया। नगर परिषद, लोहरदगा को एक तालाब के जीर्णोद्वार के लिए राज्य को प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। बैठक में सभी संबंधित जिला स्तरी पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### निशुल्क होटल मैनेजमेंट कोर्स के लिए 25 युवाओं को किया गया रवाना



**लोहरदगा।** विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) मद अंतर्गत क्राफ्टमैनशिप कोर्स इन फूड एण्ड वेबरेज सर्विसेज संबंधी निःशुल्क रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस व अन्य पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय परिसर लोहरदगा से लोहरदगा जिला के 25 युवक-युवतियों को रांची जिला स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाइड न्यूट्रिशन, ब्रांबे के लिए सड़क मार्ग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनमें भण्डरा प्रखण्ड के 08, सदर प्रखण्ड के 05, कुडू प्रखण्ड के 04, नगर परिषद क्षेत्र के 04, किस्को प्रखण्ड के 03 और कैरो प्रखण्ड का 01 प्रशिक्षणार्थी शामिल है। सभी को छह माह का प्रशिक्षण क्राफ्टमैनशिप कोर्स इन फूड एण्ड वेबरेजेस सर्विसेज कोर्स में निःशुल्क दिलाया जा जाएगा। इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार,जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की,जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यगण, संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार, सहायक व्याख्याता आरती तेवतिया, छात्र-छात्राएं व ऑफिस के कर्मीगण उपस्थित थे।

### घाघरा में बन रहे पुस्तकालय भवन का अपर समाहर्ता ने किया निरीक्षण



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे पुस्तकालय भवन का मंगलवार को अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता,बीडीओ विष्णु देव कच्छप व सीओ प्रणव ऋतुराज ने निरीक्षण किया और संवेदक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। यहां बता दे कि विशेष प्रमंडल विभाग से कार्यालय परिसर में पहले से बने मनरेगा भवन को पुस्तकालय के रूप में बनाया जा रहा है। जिस निमित अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता ने बताया कि प्रखंड में एक भी पुस्तकालय भवन ना होने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ने में काफी कर परेशानी हो रही थी। जिसे देखते हुए उपायुक्त के दिशा निर्देश पर पुस्तकालय भवन बनवाया जा रहा है ताकि यहां के बच्चे पढ़ लिख कर अपना भविष्य बेहतर कर सके। उन्होंने संवेदक विनोद महतो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। साथ ही जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि पुस्तकालय जल्द शुरू किया जा सके। मौके पर विभाग के सहायक अभियंता कनीय अभियंता सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### 54वी पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह को किया गया याद



**लोहरदगा।** जिले के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि पर लोगो ने उन्हें याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहर के बुद्धन सिंह लेन स्थित प्रतिमा पर उनकी 54 वी पुण्यतिथि पर एसडीओ अरविंद कुमार लाल,एसडीपीओ बीएन सिंह सहित शहर के कई गणमान्य लोगो ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।इस मौके पर कहा गया की बहुमुखी प्रतिभा के धनी बुद्धन सिंह ने आजादी की लड़ाई में अपनी प्रमुख भूमिका निभाते हुए इस क्षेत्र में अग्रेजों के खिलाफ बिगुल की अगुवाई की थी।माल्यार्पण करने वालो में शरद चंद्र आर्य ,मदन मोहन पांडेय,अशोक यादव, चंद्रशेखर प्रसाद, मनीर उरांव, शिवदत्त ठाकुर, गोपाल कांस्यकार, आदर्श चौधरी, अशोक भगत, सुमन साहू ,अरविंद अग्र., श्री कृष्णा सिंह, गोपाल सिंह, ओम सिंह, सुधीर अग्रवाल, संजय बर्म्मन ,विजय, जितेंद्र, मृणाल, रित्विक, ऋषभ आदि शामिल थे।

### भाजपा के नीति को जन जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता: रविंद्र



**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा घाघरा मंडल कार्य समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक में आगामी 2024 लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के तैयारियों के बारे में विचार विमर्श किया गया। साथ ही लूट, भ्रष्टाचार व हत्या के खिलाफ आने वाले दिनों में युवा मोर्चा द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश किये जाने वाले आंदोलन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भिखारी भगत,प्रदीप प्रसाद, अनिल प्रसाद, अमित ठाकुर,बैजू पहान,कुंदन सिंह, सुदर्शन गोप ,करीमन पहान, कुश कुमार साहू विनय ठाकुर, विजय साहू सहित अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

# जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेवारी सबों की : डीसी

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित डीसी, एसपी व अन्य

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि विगत कुछ समय से जिला में सभी समुदाय के लोगों द्वारा अपने-अपने त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जा रहे हैं। इसके पीछे सभी आम लोगों, पुलिस का सूचना तंत्र और प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों का सहयोग है जो नियमित रूप से लोगों के साथ बैठक कर जिला में शांति-व्यवस्था के लिए लगातार प्रयासरत हैं। जिला में नियमित रूप से युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जा रही है। आईएचएम, रांची में लोहरदगा जिला के युवक-युवतियों को होटल मैनेजमेंट का एक कोर्स कराया जा रहा है। यह पूरी तरह निःशुल्क है। यह कोर्स एससीए मद से जिला के युवक-युवतियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक युवक-युवतियां जिला योजना कार्यालय में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसी प्रकार झारखण्ड टूल रूम में यहां के युवक-युवतियों को निःशुल्क तकनीकी कोर्स कराया जा रहा है। जो युवक-युवतियां मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं उनके लिए होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर प्रारंभ किया गया है। यह पूरी तरह निःशुल्क है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाये रखने और जिला में विकास के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी लगाये जा चुके हैं, प्रखण्डों में भी जल्द अधिष्ठापन का कार्य चलेगा। युवा सद्भावना मंच के द्वारा भी आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खेल को बढ़ावा देने के लिए फुटबॉल, क्रिकेट, कुश्ती, बास्केटबॉल आदि में कोच की नियुक्ति हो चुकी है जो प्रखण्डों में भी जा कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यहां के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। प्रत्येक प्रखण्ड में पठन-पाठन को बढ़ावा देने के लिए प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालयों का शुभारंभ हो चुका है। इनमें वाईफाई, कंप्यूटर, किताबों व समाचार-पत्रों की सुविधाए हैं। जिला में निःशुल्क कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस व आर्मी भर्ती के लिए युवाओं को तैयार करने के लिए कोच की नियुक्ति हो चुकी है।

### सदस्यों ने रखी अपने क्षेत्र की समस्याएं

बैठक में सभी प्रखण्डों से आये जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखी गईं। कुडू में उमरी/टाटी में आरसीसी पुलिया निर्माण में धीमी गति से कार्य होने, चेटर में पुल में रेलिंग का कार्य, भण्डरा प्रखण्ड में भण्डरा-कोयल जलापूर्ति से आस-पास के गांवों में पेयजल की आपूर्ति किये जाने, चापाकल की मरम्मति, सेन्हा के सिठियो में ब्रेकर की उंचाई छोटा किये जाने, सेन्हा में पेयजलापूर्ति की समस्या, सिठियों में पानी की सप्लाई नहीं होने, सिठियो स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में चहारदिवारी का निर्माण करने, पेशरार प्रखण्ड में जले हुए बिजली के तार को बदले जाने संबंधित अन्य समस्याएं रखी गईं। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के अखोरी तहले निवासी सोहराई साह के पुत्र संजय कुमार को अधिक शराब सेवन करना भारी पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार संजय कुमार की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। बताते चलें कि संजय की हालत बिगड़ते देख सोमवार की देर रात परिजनों के ने स्थानीय रेफरल अस्पताल लाया। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार संजय शराब सेवन के दौरान जहरीला पदार्थ का भी सेवन किया था। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

## उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को डोमचांच प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरिक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री रंजन ने प्रखंड के सलयडीह, बगरोटांड, सिंगलोडीह स्थित केंद्रों का जायजा लिया और इन केंद्रों को मॉडल केंद्र बनाने को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने केंद्र की सेविकाओं और सहायिकाओं को निर्देशित करते हुए बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने, प्रत्येक दिन अलग अलग गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों का सर्वांगीण विकास करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीएसडब्लूओ आरती कुमारी, बीडीओ उदय कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## डीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारी को दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से तालाब निर्माण से संबंधित मामले,जमीन, राशन कार्ड, आवास, बकाया सालाना भुगतान से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। ज्ञात हो कि सप्ताह के हर मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## डीडीसी ने खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का किया वितरण

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज मंगलवार को चंदवारा प्रखण्ड पहुंचे और खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण किया और आगामी दिनों में सभी टीमों के बीच दोस्ताना मैच करवाने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ संजय यादव आदि मौजूद थे।

## जनसमस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों से उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार मे फरियादियों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर जल्द समाधान की मांग की जनता दरबार में जमीन विवाद, दाखिल खारिज, पेंशन, राशन समेत अन्य मामले आये। उपायुक्त ने फरियादियों से उनके आवेदन लेकर सम्बंधित पदाधिकारियों को प्रेषित करते हुए मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक एवं रचनात्मक सुधार कर रही है सरकार: मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा के तीन विद्यालयों को मिली स्थाई प्रस्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता



मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने गढ़वा जिले के तीन विद्यालय व इंटर महाविद्यालय को स्थाई प्रस्वीकृति प्रदान किया है। इनमें नगर उंटारी के अधौरा स्थित ठाकुर दयाल देव मानिक राज इंटर महाविद्यालय को विज्ञान संकाय में भौतिकी, रसायन, गणित एवं जीव विज्ञान विषय में स्थाई प्रस्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि गढ़वा स्थित शांति निवास उच्च विद्यालय गढ़वा एवं संत अंतोनिस उच्च विद्यालय कंजिया भंडरिया को प्रस्वीकृति प्रदान की गई है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि ये सभी विद्यालय प्रस्वीकृति के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। मंत्री ने कहा कि उनके विशेष प्रयास तीनों विद्यालयों को प्रस्वीकृति प्रदान कराई गई है। अब इन विद्यालयों को काफी सुविधा प्राप्त होगी। इन्हें सरकार की ओर से अनुदान भी मिलना प्रारंभ हो जाएगा। ठाकुर दयाल देव मानिक राज इंटर महाविद्यालय में अब तक 128 विद्यार्थियों का नामांकन होता था, परंतु अब वहां 384 का नामांकन लिया जा सकेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूल चूल परिवर्तन हो रहा है। सभी विद्यालय, महाविद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। ताकि छात्र, छात्राओं को पढ़ाई में किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना, बेहतर शिक्षण व्यवस्था सहित निजी विद्यालयों को भी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक जिले के कई विद्यालयों को मॉडल स्कूल, उत्क्रमित विद्यालय आदि बनाया जा चुका है। सभी विद्यालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में संरचनात्मक एवं गुणात्मक सुधार काफी तेजी से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पेयजल, सड़क आदि सभी क्षेत्रों में गढ़वा सर्व सुविधा संपन्न जिला बनेगा।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल



मृतक आदित्य चैधरी की फाईल फोटो



मृतक अनुज चैधरी की फाईल फोटो

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुरवा निवासी मुकेश चैधरी के 16 वर्षीय पुत्र आदित्य चैधरी उर्फ सोनू एवं राजकिशोर चैधरी के 20 वर्षीय पुत्र अनुज चैधरी की लातेहार के समीप वाहन दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि अन्य दो रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया है। आदित्य करुई गांव स्थित मुंद्रिका सिंह उच्च विद्यालय के आठवीं का छात्र था। जानकारी के अनुसार ड्राइवर सहित पांच लोग सोनपुरवा से मंगलवार की सुबह अपनी निजी वाहन बोलेरो से सोनू के मौसी के लिए नए रिश्तेदारी करने यानी लड़का देखने से जा रहे थे। उसी दौरान डाल्टनगंज-रांची मुख्य सड़क पर लातेहार से पीछे होटल के समीप खड़ी ट्रक में बोलेरो टकरा गई। जिससे घटनास्थल पर ही आदित्य एवं अनुज की मौत हो गई। वहीं दो अन्य रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद पुलिस ने बोलेरो चालक को अपने हिरासत में ले लिया है। वहीं पुलिस ने दोनों मृतक के शव अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# अखिल भारतीय किसान सभा ने मांगों को लेकर निकाला रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** अखिल भारतीय किसान सभा के निर्देशानुसार झारखंड राज्य किसान कौंसिल के आह्वान पर चतरा जिला किसान कौंसिल के नेतृत्व में नौ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को हंटरगंज में केंद्र सरकार के विरुद्ध अक्रोश रैली निकाली गई। प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर अंचला अधिकारी के माध्यम से झारखंड सरकार एवं राज्यपाल के नाम एक स्मार पत्र सौंपा गया। नौ सूत्री मांगों के लेकर हंटरगंज पानी टंकी से रैली प्रारंभ किया गया। रैली मुख्य बाजार, नावाडीह ब्लॉक मोड़ होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर एक आम सभा में तब्दील हो गई। जहां प्रदर्शन कारीयों ने जम कर ब्लॉक प्रशासन पर भर्ष्टचार और घूस खोरी के आरोप लगाया। नौ सूत्री मांगों में सभी प्रकार के किसानों का कर्ज माफ किया जाए, किसानों को सुखाड़ का प्रति एकड़ चौदह हजार रूपए प्रति एकड़ भुगतान किया जाए,वन भूमि पर बसे लोगों को जमीन का पट्टा दिया जाए। महंगाई पर रोक लगाई जाए। जमीन की ऑन लाइन में हुई गड़बड़ी को पंचायत स्तर पर कैंप लगा कर सुधार किया जाए। बंदोबस्त किए गए सभी गैर मजरूआ जमीन सहित सभी तरह की जमीन का रसीद निर्गत किया जाए। बिजली बिल माफ करते हुए जरूरत मंद लोगों को नया बिजली कनेक्शन दिया जाए। जन वितरण दुकानदारों द्वारा अनाज कम देने और गरीबों के लुट पर रोक लगाया जाए। सभा को संबोधित करने वालों में राज्य किसान कौंसिल उपाध्यक्ष राम देव सिंह, जिला किसान कौंसिल सचिव राज कुमार यादव, मो असगर अली, कुलेश्वर भारती के अतिरिक्त कई लोगों ने संबोधित किया।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियां में जुटा प्रशासन, सफाई का कार्य शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैदी से जुट गया है। मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में 19, 20 एवं 21 फरवरी को होनेवाले राजकीय इटखोरी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय गठित टीम के साथ तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। डीसी अबु इमरान के द्वारा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को कार्य सौंपते हुए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होने गठित कोषांग के अधिकारियों को कहा कि यह कार्यक्रम राज्य स्तरीय है जिनको जिनको जो कार्य दिया गया है उसका निर्वहन इमान्दारी पूर्वक करें जिससे कि कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाया जा सके। मंदिर और मंदिर परिसर का रंग रोगन की जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, सिविल सर्जन डा0 श्याम नन्दन सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, सामान्य शाखा पदाधिकारी बिपिन दुबे, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार राय समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में 97 हजार रुपये की ठगी

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरगंज पंचायत कानीकेंद के दर्जनों महिलाओं से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर बिचैलिया द्वारा ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कानीकेंद के दर्जनों महिलाओं ने सतगावां थाना में आवेदन देकर कहा है कि शिवपुर निवासी रंजीत पासवान पिता बहादुर पासवान ने प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने के नाम पर प्रत्येक महिलाओं से 5 हजार से 8 हजार रुपये तक ठगी की गई और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं दिया गया। वहीं इस मामले को लेकर पूर्व में भी उक्त दर्जनों महिलाओं ने सतगावां थाना में आवेदन दी थी। जिसमें पैसे लेने वाले व देने वालों के बीच पैसे वापस लौटाने के नाम पर सुलहनामा की गई थी। सुलहनामा में पैसे वापस करने का समय सीमा निर्धारित किया गया था, इसके बावजूद भी ठगी की गई पैसे बिचैलिया के द्वारा समय पर नहीं देने पर महिलाओं ने सतगावां थाना में पुनः आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मांग करने वालों में फुलवा देवी, लीला देवी, प्रतिमा देवी, आकाश देवी, जयवा देवी, संगीता देवी, अमीदा देवी, गुड़िया देवी, संगीता देवी के अलावा दर्जनों महिलाओं के नाम शामिल हैं। ज्ञात हो कि पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर काफी लूट-खसोट मची हुई है और यहां मनमानी ढंग से पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आवास योजना के नाम पर लूट-खसोट में जुटे हुए हैं।

## एसपी ने किया जयनगर थाना का औचक निरीक्षण



**जयनगर (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मंगलवार को जयनगर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में दर्ज किए मामलों के निष्पादन एवं कांड के आरोपी बनाए गए लोगों पर अब तक की की गई कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी से जानकारी ली। साथ ही अभिलेखों का निरीक्षण कर कांड के निष्पादन के हकीकत को जाना। वहीं उन्होने थाना प्रभारी को गंभीर मामलों में दर्ज कराए गए कांडों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ससमय आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के अलावा नामजद लोगों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने थाना में आने जाने वाले फारियादो से मित्रता पूर्वक बर्ताव करते हुए उनके मामलों को गंभीरता से लेने की बात कही। थाना में संधारित सभी पंजीयों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही थाना अंतर्गत सभी स्थानों का निरीक्षण कर देखरेख व स्वच्छता से संबंधित आदेश भी दिये। मौके पर मायका अंचल इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, एसआई सुनील कुमार, अमित कुमार, पंचम तिग्गा, एएसआई दिलीप मंडल आदि मौजूद थे।

# दो शिक्षक को मिला गुरु शिरोमणि अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** पृथ्वी अभ्युदय एजुकेशन एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अवार्ड समारोह में सेक्रेड हार्ट स्कूल के दो शिक्षक गुरु शिरोमणि अवार्ड प्रदान किया गया। इसमें एक एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा व दूसरा शिक्षिका सपना शर्मा के नाम शामिल हैं। बता दें कि इस वर्चुअल अवार्ड समारोह में देशभर से लगभग 6000 निदेशक, प्राचार्य व शिक्षकों ने हिस्सा लिया था। इस अवार्ड में झारखंड से एक मात्र सेक्रेड हार्ट स्कूल को ही यह सम्मान प्राप्त हुआ है। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन तीन कैटिगरी निदेशक, प्राचार्य व शिक्षक में बंटा हुआ था। वहीं एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि गुरु शिरोमणि होना अपने आप में एक बहुत बड़ा दायित्व है और इसपर खड़े रहकर अपना दायित्व निभाना तथा संस्कार के साथ शिक्षा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस सफलता पर प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोआर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सीमा जैन, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, किशोर कुणाल, संजय तिवारी, राकेश पांडेय, रमेश कुंज, जेपी सिंह, विक्की कुमार, सतीश कुमार, विक्रम कुमार, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, सीमा जैन, रजनी बाला, संजय तिवारी, सुनील पाठक, राहुल कुमार, चंदन पांडेय, सुजीत प्रताप, विशाल आनंद व अनमोल रतन समेत अन्य शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों को बधाई दी है।

# राज्यपाल ने किया 1932 सर्वे खतियान बिल वापस, झामुमो ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड स्थानीयता विधेयक राज्यपाल रमेष बैस द्वारा वापस किये जाने से झामुमो कार्यकताओं में काफी आक्रोष है। मंगलवार को गढ़वा जिला झामुमो के तत्वावधान में भाजपा का पुतला दहन किया गया।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान एवं सचिव मनोज ठाकुर ने कहा कि जन भावना के अनुरूप झारखण्ड विधानसभा से पारित स्थानीयता विधेयक को राज्यपाल ने भारतीय जनता पार्टी के दबाव में आकर वापस कर दिया है। भाजपा के साथ-साथ राज्यपाल भी झारखंडियों के हितों की अनदेखी कर रहे हैं। ये लोग झारखंड के मूलवासियों एवं आदिवासियों के अस्तित्व को मिटा देना चाहते हैं। राज्यपाल भाजपा के इशारे पर राज्य सरकार के स्थानीयता विधेयक वापस कर झारखंडियों के साथ अन्याय किया है। झामुमो नेताओं ने कहा कि यदि भाजपा स्थानीयता के राह में रूकावट बनती है तो झामुमो उग्र आन्दोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर मुख्य रूप से ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडेय, अतहर अली, ललू राम, अर्जुन मिंज, दषरथ प्रसाद, धीरेंद्र यादव, फुजैल अहमद, अरविंद यादव, आराधना सिंह, चंदा देवी, बिनोद पासवान, आलम खान, फैजूल अंसारी, नुरुल अंसारी, राजनाथ सिंह, नीलू खान व अन्य मौजूद थें।

## 1932 सर्वे खतियान बिल राज्यपाल के वापस करने के विरोध में झामुमो ने दिया धरना

**कोडरमा।** 1932 सर्वे खतियान बिल को राज्यपाल के द्वारा वापस करने के विरोध में झामुमो ने मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि राज्यपाल भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य कर रही है। वैसे राज्यपाल को अविलम्ब झारखण्ड से हटाने की मांग की। वहीं धरना प्रदर्शन के उपरांत राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीसी आदित्य रंजन को सौपा गया। दिये गये ज्ञापन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी इशारे पर झारखण्ड राज्यपाल रमेश वैस के द्वारा झारखण्ड की जनभावनाओं के अनुरूप विधेयक स्थानियता का आधार 1932 का खतियान को राजभवन से लौटा दिया गया, जिसका कोडरमा की जनता ओर झामुमो विरोध करती है। मौके पर झामुमो जिला सचिव विरेंद्र पाण्डेय, जिला सचिव वीरेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, कामेश्वर वर्मा, जिला प्रवक्ता संजय साजन, प्रधानमंत्री 15 सूत्री सदस्य नौशाद आलम, श्यामदेव यादव, पवन माइकल कुजूर, अनिल वनार्वाल, चन्द्रदेव यादव, उमेश यादव, निर्मला तिवारी, दीपक विश्वकर्मा, प्रकाश यादव व अन्य मौजूद थें।

एक नजर में

## समावेशी शिक्षा को लेकर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू



**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में 4 फरवरी तक चलने वाले समावेशी शिक्षा के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन जिले के कई उच्च विधालयों के शिक्षक, बीआरपी, सीआरपी और प्रखण्डों के बीपीओ आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का उदघाटन राज्य प्रतिनिधि ममता एलिजाबेथ लकड़ा और एडीपीओ शिव कुमार मल्लिक ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक विनोद कुमार गुप्ता और सुनील कुमार दास के द्वारा निशक्तता के 21 प्रकारों की जानकारी देते हुए उनके, उपचार और योजनाओं का लाभ दिलाने की विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं एडीपीओ शिव कुमार मल्लिक ने कहा कि दिव्यांग छात्र समाज का अभिन्न अंग है, उनसे हमेशा प्रेम और सहानुभूति के साथ व्यवहार करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 4 फरवरी तक चलेगा, जिसमे अलग अलग दिनों में अलग अलग स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में इस तरह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर एपीओ क्रांति कुमार चांद, बीपीओ बबिता कुमारी, राधा सिंह, रिसोर्स शिक्षक सत्यप्रकाश, उमेश यादव, सन्तोष कुमार, विकास यादव, राजू कुमार, मुन्ना साव, सुजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कई पुलिस पदाधिकारी हुए सेवानिवृत्त



**कोडरमा।** थाना पुलिस निरीक्षक इंदुभूषण कुमार, सहायक अवर निरीक्षक कलीमुल्लाह खां, चंद्रमा सिंह, रामनिवास शर्मा, रामस्वरूप यादव, हवलदार देवेंद्र कुमार सिंह एवं चालक हवलदार मोहन सिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी कुमार गौरव एवं सभी पुलिस कर्मियों द्वारा उनके मंगल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी।

## नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में लगाया जाएगा शिविर

**कोडरमा।** नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में अलग अलग तिथियों को शिविर का आयोजन कर योग्य लाभुकों को वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ दिया जायेगा। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित किया गया। श्री जैसल ने बताया कि वार्ड संख्या 2 से 4 तक के लिए 1 और 2 फरवरी को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहेरवाटांड में शिविर का आयोजन किया जाएगा, जबकि वार्ड संख्या 5 से लेकर 8 तक के लिए 3 और 4 फरवरी को आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 6 में शिविर लगाया जाएगा, वार्ड 1, 9 और 10 के लिए 6 और 7 फरवरी को हरि सभा स्कूल बोनाकाली में, वार्ड संख्या 11 से 13 के लिए 8 और 9 फरवरी को आंगनबाड़ी केंद्र फरेंदा और वार्ड 14 एवं 15 के लिए 10 और 11 फरवरी को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरसोतियाबर में शिविर लगाया जाएगा। वहीं नगर प्रशासक ने कोडरमा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के योग्य लाभार्थियों को उक्त शिविर में जरूरी कागजात के साथ उपस्थित होने और पेंशन का लाभ लेने के लिए आवेदन देने की अपील की है।

## स्कूली बच्चों को यातायात नियमों व लैंगीग अपराध से संबंधित दी गई जानकारी



**इटखोरी(चतरा)।** पुलिस व बाल कल्याण समिति (बैंच ऑफ मेजिस्ट्रेट) के द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों को लैंगीग अपराध के साथ उनके अधिकारों की जानकारी सोमवार को केबी प्लस टू उच्च विद्यालय इटखोरी में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन धनंजय तिवारी व थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान चेयरपर्सन श्री तिवारी ने बच्चे व बच्चियों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह व जेजे एक्ट 2015 के साथ सेफ्टी की जानकारी विस्तारपूर्वक देने के साथ बताया कि पॉक्सो बालकों के लैंगिक अपराधों के संरक्षण के लिए बनाया गया है। श्री तिवारी ने इस दौरान बच्चों को गुड टच बैड टच की भी जानकारी इसके उदाहरण देकर दी। थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने यातायात नियमों के पालन करने के साथ सेफ्टी से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकरी दी। साथ ही बाल विवाह के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 18 साल से कम की लड़की व 21 साल से कम आयु के लड़के की शादी नही करने कि बात कही। बच्चों के साथ होने वाले अपराध, बाल श्रम व बाल विवाह से संबंधित सूचना 1098 पर देने की बात कही गई। वही सोशल मीडिया के बारे में यूज व मिस यूज के बारे में जानकारी दिया गया। इसी मौके पर एसआई बंटी यादव, प्रमोद कुमार वर्मा ,तुलेश्वर साहू , सुकांत कुमार रंजन, बिरजू प्रसाद दांगी, रघु रविदास, रणधीर कुमार पांडे, उपेंद्र शर्मा, अनिल कुमार ,पंकज कुमार, प्रदीप कुमार पांडे, रवि कुमार, संजय कुमार यादव एवं मृदुला कुमारी समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महिला सुरक्षा समिति के महिलाओं ने चलाया जागरूकता अभियान

**कोडरमा।** महिला सुरक्षा समिति के बैनर तले जिला अंतर्गत छह प्रखंडों क्रमशः सतगावां, कोडरमा, डोमचांच, मरकच्चो, जयनगर में महिला हिंसा के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने हेतु महिला सुरक्षा संरक्षण और अधिकार के प्रति जागरूक करने हेतु दीवाल लेखन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें गांव की सैकड़ों महिला शामिल हैं। अभियान के माध्यम से पूरे जिले में महिला अपने सुरक्षा, संरक्षण, अधिकार को सुनिश्चित करवाने हेतु आगे आ रही हैं, ताकि महिलाओं को सुरक्षा संरक्षण एवं अधिकार मिल सके और पुरुषों के साथ-साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज के विकास के लिए भागीदारी सुनिचित हो सके। अभियान को आगे बढ़ाने में महिला सुरक्षा समिति के कार्यकर्ता विनोद साव, रूपा देवी, पूजा देवी, सुजाता कुमारी, सोनी देवी, सुवेता देवी राजू साव, अंजली एक्का, गोरखनाथ सिंह आदि शामिल हैं।

## कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रारंभ



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर से 1600 कलश यात्रा के साथ मंगलवार को देवी देवताओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रारंभ हो गया। इसी के साथ मेराल पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत के साथ-साथ दर्जनों गांव के हजारों लोगों के आस्था का केंद्र देवी धाम मंदिर परिसर में स्थापित की जाने वाली मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ 1600 कलशों की जल यात्रा के साथ शुरू हुआ। 2 फरवरी को सभी मूर्तियों के साथ नगर भ्रमण के बाद 3 फरवरी को मंदिर में मां दुर्गा, मां काली, मां शीतला तथा महावीर जी की भव्य मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए मंगलवार को मेरा तथा आसपास के हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं, छोटे लड़कियों ने अपने माथे पर कलश को लेकर श्रीमान नारायण का जाप करते हुए चल रही थीं। मौके पर संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, विनोद प्रसाद, सूर्य प्रकाश, महेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, नाथुन राम, अशोक राम, अंबिका यादव, रामचंद्र शर्मा, बलराम कृष्ण शर्मा, प्रमोद महाजन, धनंजय चैधरी, राहुल मल्होत्रा, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सत्यम कुमार मल्होत्रा, शुभम कुमार मल्होत्रा, अशोक कुमार गुप्ता, रंजन कुमार, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मनिका में अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के नामुदाग पंचायत अंतर्गत स्थित मानिकडीह गांव से दिन मंगलवार को वन विभाग व मनिका थाना पुलिस ने अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर वाहन मंगलवार को जब्त किया है। ट्रैक्टर मनिका थाना लाया गया। ट्रैक्टर मणिकाडीह निवासी प्रयाग यादव का बताया जाता है। इस संबंध में मनिका रेंजर संजय कुमार ने बताया कि डीएफओ रोशन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि नामुदाग गांव में अवैध रूप से जंगल से पत्थर लाकर नामुदाग में निर्माणधीन दुबे कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क निर्माण कार्य में लगाया जा रहा था। इसी क्रम में चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां पर नामुदाग गांव के समीप जंगल में अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया। गश्ती दल के पहुंचते ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। रेंजर कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर पर नंबर नहीं लिखा हुआ है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**छिपादोहर।** छिपादोहर बेतला मार्ग के केड़ जंगल मे बाईक और कार की सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार रोशन कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस से बरवाडीह भेजा। थानेदार ने बताया कि घायल बाईक सवार लेस्लीगंज के जगतपुरवा का रहने वाला है। वह किसी काम से छिपादोहर आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मार के कार फरार हो गया है। कार की तलाश की जा रही है। इधर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया गया।

### छिपादोहर में चला वाहन चेकिंग अभियान

**छिपादोहर।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर छिपादोहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया वाहनों की कागजात की जांच सहित हेलमेट की जांच की गई जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी के कर्मचारी ऋषि राज और रजनीकांत पांडेय सहित छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने सयुंक्त जांच की जिसमे 16500 का जुमार्ना वसूला गया।

### आंगनबाड़ी सेविका का चुनाव संपन्न

**चंदवा।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखण्ड के माल्हन अंतर्गत देवनदिया ग्राम में आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार, पर्यवेक्षिका मीरु झा, मुखिया जतरु मुंडा, एएनएम, प्रधानाध्यापक अनिल प्रसाद, जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन द्वारा नामित पदाधिकारी की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया। सेविका पड़ के लिए प्रिया देवी पति गंगाधर तुरी, नमिता देवी पति आकाश कुमार समेत कुल 9 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। चयन प्रक्रिया की सभी अर्हता को पूर्ण रहने वाली अभ्यर्थी प्रिया देवी पति गंगाधर तुरी का चयन आंगनबाड़ी सेविका के रूप में किया गया।

# पीएलएफआइ के दो उग्रवादी चढ़े पुलिस के हत्थे

## एसपी को मिली गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई, ठेकेदारों से लेवी का पैसा वसूलने आये थे

### पिस्टल, गोली, पीएलएफआइ का पर्चा और मोबाइल बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी की अगुवाई में पीएलएफआइ के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

एसडीपीओ संतोष मिश्र ने प्रेस वार्ता में बताया कि एसपी को गुप्त जानकारी मिली थी कि उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के कुछ सक्रिय सदस्य किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने एवं ठेकेदारों से लेवी का पैसा वसूलने के लिए बेंदी रेलवे स्टेशन के आसपास एकत्रित हुए थे। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार पुनि सह थाना प्रभारी लातेहार द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने ग्राम बेंदी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय (लेधपा) के पास से पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के नाम पर संवेदको एवं व्यवसायियों को फोन के माध्यम से धमका कर अवैध लेवी का पैसा लेने के लिए आये उग्रवादी प्रतुल कुमार कच्छप उर्फ रंधीर भगत उम्र करीब 42 वर्ष, पिता जीतन भुइया, ग्राम सांगबार टोला- कूबरबांध थाना- लेस्लीगंज जिला- पलामू एवं कारदिप उरांव उर्फ कार्तिक उम्र करीब 38 वर्ष, पिता- टेपा उरांव ग्राम आटीखेता थाना मनिका को गिरफ्तार किया। पकड़ाये प्रतुल कुमार कच्छप उर्फ रंधीर भगत एवं कारदिप उरांव उर्फ कार्तिक के पास से पिस्टल, गोली, उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का पर्चा व मोबाइल बरामद किया गया है।



जानकारी देते एसडीपीओ संतोष मिश्र।

इस संबंध में लातेहार थाना कांड संख्या-31/2023, धारा-385/387 आइपीसी, 25 (1-अ)/26 आर्म्स एक्ट एवं 17. सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में पुअनि दिवाकर धोबी, मो. शाहरुख, रोहित कुमार महतो, धर्मेंद्र कुमार महतो, अजय कुमार दास एवं सैट-1 सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# चंदवा के वयोवृद्ध समाजसेवी लखन साहू का निधन, शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा थाना टोली के वयोवृद्ध समाजसेवी लखन साहू(98) का निधन सोमवार की देर शाम उनके निवास में हो गया। लखन साहू पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। सोमवार की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। लखन साहू के तीन पुत्र है कृष्णा साहू, मुरली प्रसाद, व अर्जुन प्रसाद। वहीं लखन साहू भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता के दादा थे। मंगलवार को देवनद तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। ज्येष्ठ पुत्र कृष्णा प्रसाद ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा नेता चेतलाल रामदास घाट पहुँचकर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। लखन साहू के निधन पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल


लखन साहू (फाइल फोटो)।

शाहदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, प्रेमशंकर भगत, राजकुमार पाठक, रामनाथ गुप्ता, राजेश चंद्र पांडेय, महेंद्र साहू, अमरदीप साहू, सुधीर प्रसाद, रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे, चंद्रदीप प्रसाद, गोपाल जायसवाल गुड्डा, दिलीप टुन्नू, बिनोद बिन्नु, राजकुमार साहू, प्रभाकर मिश्रा, जमुना जायसवाल, अनिल साहू, दीपक निषाद, रमेश विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# बजाज एलियांज के खिलाफ उपायुक्त के नाम दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के बरियातू प्रखंड निवासी अंकित कुमार द्वारा बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ में लातेहार जिला के उपायुक्त भोर सिंह यादव के नाम एक आवेदन दिया गया। वही अंकित कुमार ने आवेदन देने के बाद बताया कि हमारे पिता स्व संजय प्रसाद गुप्ता के द्वारा बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एजेंट मोहिनीस कुमार बिक्की जो की चंदवा प्रखंड निवासी है साथ ही इनके उच्च अधिकारी आलोक रंजन जो की लातेहार निवासी है। इन दोनो एजेंट के माध्यम से हमारे पिता ने भरोसा कर बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में एक पॉलिसी खोलवाई थी जिसका पॉलिसी नंबर -0468084931 है। साथ ही बताया कि इस पॉलिसी के तहत हमारे पिता जी स्व. संजय प्रसाद गुप्ता के द्वारा प्रत्येक वर्ष 2,48,869.89 रुपया कंपनी को भूगतान किया जाता था। पॉलिसी के तहत मृत्यु के पश्चात उनके आश्रितों को 28,80,000 रुपया का भुगतान और साथ ही साथ प्रत्येक माह 12,000 हजार रुपया का भुगतान आश्रितों के खाता में किया जाना था। आश्रित अंकित कुमार के द्वारा बताया गया कि हमारे पिता जी का देहांत हार्ट अटैक आने के वजह से हो गया था। जिसके


जानकारी देते अंकित कुमार।

बाद मैने बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में पॉलिसी नंबर -0468084931 इतना में क्लेम किया। जिसके बाद कंपनी द्वारा पैसा देने को लेकर आना-कानी की जा रही है और पैसा नहीं देने की मंशा से हमे टालमटोल किया जा रहा है।

वही कंपनी के कुछ लोगों द्वारा बताया जाता है कि हमारा द्वारा किए गए पॉलिसी क्लेम को कैंसिल कर दिया गया है परंतु कारण पूछे जाने पर किसी तरह का जवाब नहीं दिया जाता है। आगे उन्होंने बताया कि अगर जरूरत पड़े तो कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट तक हम जाएंगे।

वहीं इस संबंध में बाजाज एलियांज लातेहार के सेल्स मैनेजर आलोक रंजन से पुछे जाने पर कहा कि डेथ क्लेम रजिस्टर हुआ है लेकिन कंपनी ने रिजेक्ट किया है। इस मामले में कंपनी लेटर भेजेगा कि क्यों रिजेक्ट किये है। क्लेम इसका पिछले महिने रजिस्टर हुआ है। क्लेम भुगतान का साठ दिन का समय रहता है।

# चंदवा में 4 ट्रैक्टर अवैध कोयला जब्त

**खबर का असर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी वन क्षेत्र से अवैध रूप कोयला खनन कर परिवहन करने के मामले को खबर मन्त्र द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किये जाने के बाद वन विभाग व प्रशासनिक टीम हरकत में गयी है। मंगलवार को वन विभाग व चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा सिकनी वन क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम के द्वारा रेन्ची ग्रामीण मार्ग पर सड़क से कुछ दूर पर जंगल मे अवैध रुप से उत्खनन कर रखे गए लगभग 4 ट्रैक्टर कोयला को जब्त कर लिया गया। हालांकि छापामारी


छापामारी करती वन विभाग व पुलिस की टीम।

अभियान की भनक लगते ही अवैध कोयला उत्खनन व परिवहन के खेल में शामिल लोग दबे पांव भाग निकले, जिसके बाद प्रशासनिक टीम बरामद कोयले को विधिवत जब्त करने के साथ अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी। रेंजर राकेश कुमार ने कहा कि इस अवैध खेल में कौन लोग शामिल हैं यह जांच का विषय है, प्रशासन के द्वारा जल्द ही अवैध कोयला के खेल से जुड़े चेहरों को बेनकाब कर लिया जाएगा। अभियान में वन विभाग के अनुराग पांडेय, सतीश पांडेय, राजीव भगत, आलोक तिग्गा, देवनाथ भगत, वीरेंद्र कुमार, उमेश कुमार, सुमित कुमार व सिकनी पिकेट के अधिकारी व जवान शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### आउटसोर्सिंग कंपनियों को 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देना अनिवार्य



**बालूमाथ।** जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने मंगलवार को बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित मगध, तेतरियाखांड, क्रशर आर०के इंफ्राकोर्प प्रा०लि,बलराम स्टोन क्रशर, मून लाइट क्रशर,संजय सिंह क्रशर सहित कई कंपनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां काम करने वाले कर्मियों के बारे में जानकारी ली और निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा यह नियम आया है कि अब कंपनियों को 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को काम पर रखना होगा। इसके लिए आप लोग जिला निबंधन कार्यालय से रजिस्ट्रेशन करवा ले। साथ ही उन्होंने बताया की सरकार द्वारा लाए गए नियम के अनुसार कोई भी संस्थान जैसे होटल,स्कूल,दुकान या कोई अन्य संस्थान जिसमें 10 से अधिक लोग काम कर रहे हैं। उन सभी जगहों पर यह नियम लागू होगा और उन्हें भी निबंधन कार्यालय से रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा और 75 प्रतिशत स्थानीय लोगो को काम पर रखना होगा। अगर कंपनियों द्वारा ऐसा नही किया जाता तो पांच लाख तक फाइन लग सकता है। इस दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी के साथ कार्यालय बड़ा बाबू आरिफ हुसैन अंसारी मौजूद थे ।

### छिपादोहर में छापामारी अभियान चलाकर पांच स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**छिपादोहर।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत में छिपादोहर थाना पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर विभिन्न कांडों में फरार चल रहे पांच स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि बहुत दिन से फरार चल रहे बिहारी सिंह, आदर सिंह, रामेश्वर सिंह, बासुदेव उरांव, और रामेस्वर उरांव को गुप्त सूचना पर छापामारी चला कर गिरफ्तार किया गया। जिसे आवश्यक करवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया। छापामारी अभियान में छिपादोहर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक काशी महली, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम सहीत आइआरबी के जवान शामिल थे।

### सोहेल का मोबाइल जब्त कर फॉरेंसिक जांच में भेजे पुलिस : प्रतुल शाहदेव

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लातेहार पुलिस बीते सरस्वती पूजा में पतरातू गांव हिंसा के आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। सरकार की तुष्टीकरण की रणनीति को लातेहार पुलिस बल दे रही है। सोहेल खान जिसके एक फोन कॉल से एक साथ सैकड़ो की संख्या में दंगाई जुटकर दंगा करते है। लातेहार पुलिस ऐसे दंगाई का अबतक ना ही फोन को जब्त किया है और ना ही किसी प्रकार की कार्रवाई की है। प्रतुल शाहदेव ने जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि सोहेल खान का मोबाइल को जब्त कर तत्काल फॉरेंसिंग जांच में भेजें। प्रतुल ने कहा कि वो ये मांग 2 दिन पहले भी पुलिस अधिकारियों के सामने दोहरा चुके हैं लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।सोहेल खान के पीछे कौन सी ताकत है। कोई और भी लोग इस घटना में शामिल है जो पर्दे के पीछे से रहकर प्रायोजित ढंग से ऐसी घटनाओं को अंजाम देते है। इसके साथ ही प्रतुल शाहदेव ने कहा की फर्जी मुकदमा पर पुलिस किसी भी निर्दोष के खिलाफ किसी के दबाव में कार्रवाई किया तो इसकी शिकायत वरीय पुलिस अधिकारी से की जायेगी। बता दे कि सरस्वती पूजा में मूर्ति विसर्जन के बाद पतरातू गांव में हुई घटना की जानकारी लेने प्रतुल शाहदेव स्वयं गांव पहुंचे थे।

### पीवीयूएनएल ने चेतर पंचायत में 150 ग्रामीणों के बीच किया कंबल का वितरण




**चंदवा।** पतरातु ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा मंगलवार को बनहरदी कोयला परियोजना से प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत चंदवा प्रखंड के चेतर पंचायत में ऊनी कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में ग्राम प्रधान झरी भुइयां, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन भगत, पीवीयूएनएल के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त से चेतर पंचायत अंतर्गत कई गांव के लगभग 150 गरीब, असहाय, वृद्ध जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पीवीयूएनएल में विनेश कुमार ने बताया कि कंपनी प्रभावित क्षेत्र में हर जरूरी मुहैया कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। आईसीडी की पहल पर कंपनी के द्वारा प्रभावित क्षेत्र में कम्बल वितरण समेत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अब तक हजारों की संख्या में जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया जा चुका है। मौके पर पीवीयूएनएल के सुरेश महतो, ग्रामीण पवन कुमार, राजेश भुइयां, लक्ष्मण यादव, चेतर पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि वअन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### दुर्घटना में मौत के एक वर्ष बाद मिली बीमा की राशि

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत शिबला निवासी राजकुमार तुरी की बाइक दुर्घटना में मौत के एक वर्ष बाद प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत वार्षिक 12 रुपये की बीमा से आश्रितों को दो लाख रुपये बीमा की राशि खाते में भुगतान की गयी। बीमित राशि भुगतान के संबंध मे सीएसपी संचालक मो. सरवर ने बताया कि शिबला निवासी राजकुमार तुरी पिता स्व. कारू तुरी की बाइक दुर्घटना में 18 दिसंबर 2021 को मौत हो गयी थी।

# सीआरपीएफ ने युवाओं में बांटी खेल सामग्री व दैनिक उपयोग की वस्तुएं


खेल सामग्री वितरण करते सीआरपीएफ के अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहां विकास योजनाएं लोगों तक नहीं पहुंच पाती है। वहां के लोगों को घरेलू आवश्यकता की वस्तुएं देकर उनको लाभ पहचाना केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की प्राथमिकता है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रामीणों की सेवा, सहयोग एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर रहती है और आगे भी रहेगी। उक्त बातें सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन कमांडेंट श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कही। श्री त्रिपाठी मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र मोरवाई सीआरपीएफ पिकेट में आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कई गांवों के युवाओं और युवतियों के बीच फुटबॉल और बॉलीबॉल कीट का वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न गांवों से आए हुए पचास से अधिक ग्रामीणों के बीच त्रिपाल समेत दैनिक जीवन में उपयोगी कई जरूरत की सामग्रियों का वितरण किया। जहां श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि स्कूली बच्चों, युवाओं और युवतियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों को अपने बच्चों को पढ़ाने और जिम्मेदार नागरिक बनाने की अपील किया। जिससे वह आपके गांव-शहर, जिले व राज्य का नाम देश में हर जगह रोशन कर सके। वहीं मौके पर उपस्थित द्वितीय कमान अधिकारी बीके कनोजिया ने बताया कि ग्रामीणों व सुरक्षा बलों के बीच अच्छे सम्बंध स्थापित करने और गरीब बच्चों के बीच पढ़ाई के साथ खेलकूद की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीआरपीएफ द्वारा लगातार अभियान चलाया जाता रहा है। मौके पर कंपनी कमांडर अमरेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य बीना देवी, उप निरीक्षक रामनाथ राय, मुन्ना कुमार सिंह, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, महेंद्र सिंह, रामदयाल और रामनाथ राम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# श्रीरूद्र महायज्ञ को ले किया गया ध्वजारोहण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु में सात दिवसीय 1008 श्रीरूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार एंव हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आचार्य भैरव शास्त्री, यज्ञ परोहित प्रदीप कुमार पांडेय उपाचार्य आशीष त्रिपाठी, पंकज पांडेय, नरेश पांडेय की सानिध्य मे मंगलवार को ध्वजारोहन किया गया। ध्वजा रोहन के पश्चात राजगुरु, पैसरा, जिरहूला, करंजाही सहित अन्य टोले मुहल्ले मे सैंकड़ो महिला पुरुष श्रदालुओं ने गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। जहाँ जयकारे की गूंज से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। नगर भ्रमण के पश्चात नवनिर्मित मंदिर राजगुरु पहुंचे जहां सभा मे तब्दील हो गई। सात दिवसीय यज्ञ को लेकर 22


राजगुरु में ध्वजारोहण के बाद नगर भ्रमण करते लोग।

फरवरी को जलयात्रा, 23 को मंडप प्रवेश वेदीपूजा प्रारंभ, 24 को अरनीमंथन अघिवाश प्रारंभ, 25 जलाधिवस वस्त्राधिवास अन्नाधिवास, 26 फरवरी फलाधिवास पुष्पधीवश नगर भ्रमण शय्याधीवाश, 27 को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, 28 फरवरी को हवन यज्ञ पूणार्हुति व भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा। ध्वजारोहन ग्राम भ्रमण मे अध्यक्ष शिबरत साव, उपाध्यक्ष जितेंद्र साव, सचिव अर्जुन साव, उप सचिव जागेश्वर गंझु, उप कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, अरुण कुमार, पंकज कुमार संयोजक यमुना साव सह संयोजक फूलचंद गंझु बनाए गए। मौके जितेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार हर्षवर्धन, अनिल कुमार, बलराम साव, बनवारी कृष्णा साव सहित कई यज्ञ समिति के लोगों ने अहम भूमिका निभा रहे थे।

## न्यायालय

सिविल जज, सिनियर डिविजन- II, लातेहार।
औरिजनल सुट नं.- 16/2017
ललन सिंह वगैरह ------- वादी
बनाम्
महेन्द्र सिंह बगैरह -----प्रतिवादी
1. माला देवी पति स्व. कैलाश सिंह
2. रोहन कुमार सिंह पिता स्व. कैलाश सिंह
3. मानसी कुमारी पिता स्व. कैलाश सिंह, ग्राम तासु, थाना हेरहंज, जिला लातेहार।

बजरिये इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ललन सिंह वगैरह में उपरोक्त वाद दाखिल किया है जिसमें आपलोग प्रतिवादी है तथा उपरोक्त वाद आपलोगों की उपस्थिति हेतु लंबित है। आप दिनांक 03.03.23 स्वयं या अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।

ह./-
**सिविल जज, सिनियर डिविजन- II**
**लातेहार।**

# जुंगुर में जमीनी विवाद को लेकर आपस में भिड़े दो पक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के जुंगूर पंचायत के चोरबोरवा टोला में सकेंद्र राम पिता स्वर्गीय दुखन राम का घर उसी गांव के सैकड़ों की संख्या में आए उरांव परिवार के लोगों ने ध्वस्त कर दिया।

भुक्तभोगी सकेंद्र राम ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व सीमा देवी पिता गुर्जर उरांव से एग्रीमेंट में जमीन लिए थे उस पर हम अपना मकान निर्माण किए थे लेकिन गांव के ही कमल उरांव, संदीप उरांव, राजेंद्र उरांव, जोगिंदर केरकेट्टा, विनोद उरांव, संदीप उरांव समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ने हमारा घर को तोड़ दिया और घर में रखे सारा सामान छीत्तर बितर कर दिया अत्यधिक संख्या में लोगों को रहने के चलते हम लोग जान बचाकर वहां से भाग गए उक्त सभी लोग लाठी डंडा गाडसा भाला लेकर आए थे भुक्तभोगी परिवार दर्जनों की संख्या में मनिका थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है और न्याय की गुहार लगायी है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

**थाना प्रभारी** राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सकेंद्र राम के द्वारा घर तोड़ने का आवेदन प्राप्त हुआ है। दोषी लोग पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 30वां वार्षिकोत्सव आज से

## तीन फरवरी को भंडारा एवं भगवती जागरण के साथ होगा कार्यक्रम का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम एक फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। दो फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं तीन फरवरी को भंडारा एवं रात्रि भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है।

मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से बताया कि भंडारा मे 12 से 15 हजार श्रद्धालुओं के भाग लेने का अनुमान है। कहना गलत नहीं होगा कि शहर का श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर न सिर्फ लातेहार बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए श्रद्धा, भक्ति व विश्वास का प्रतीक है। दूर-दराज से लोग यहां आकर माता की चरणों में मत्था टेक सुख व शांति की कामना करते हैं।

प्रतिवर्ष माघ माह की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मंदिर का वार्षिक उत्सव धुमधाम से मनाया जाता है। नगर वासी इस वार्षिकोत्सव को किसी उत्सव से कम नहीं मनाते हैं। बताया जाता है कि वर्ष 1946 से यहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना


मां दुर्गा की प्रतिमा।

शुरू की गयी थी। श्री टैगोर ने बताया कि आजादी के पूर्व यहां एक तालाब हुआ करता था। स्थानीय लोगों ने इस तालाब को भर कर एक खपरैल दुर्गाबाड़ी का निर्माण कर दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया था। दुगार्बाड़ी खपरैल व छोटा होने के कारण यहां दुर्गा पूजा का आयोजन करने में लोगों को परेशानी होती थी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 में स्थानीय लोगों की एक बैठक में दुगार्बाड़ी को भव्य मंदिर का स्वरूप देने का निर्णय लिया। आपसी सहयोग से तकरीबन दो वर्षों में मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हुआ. जयपुर से माता वैष्णव की प्रतिमा लाकर स्थापित की गयी। लोगों का कहना है मां की प्रतिमा अद्वितीय है। लोगों की मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से मां से मन्नत करता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। वर्ष 2003 में तत्कालीन विधायक वैद्यनाथ राम के विधायक कोटे से मंदिर परिसर में एक विशाल विवाह मंडप बनाया गया। इसके बाद विधायक श्री राम के ही दूसरे कार्यकाल में मंदिर के ऊपरी तल्ले पर एक हॉल व सात कमरों का निर्माण कराया गया है। मंदिर में प्रतिवर्ष दर्जनों शादियां होती हैं।

मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी एवं मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा तक भाग ले चुके हैं। इस वर्ष मंदिर की नयी कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है।

## बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया आर्थिक सर्वे

# महंगाई पर रहा कंट्रोल, दुनिया में बढ़ी 'मेड इन इंडिया' की मांग

### जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6 से 6.80 फीसदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण 2023 को संसद के पटल पर रखा। सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश की जीडीपी विकास दर 6 से 6.8 फीसदी तक रहने का अनुमान जाहिर किया गया है। पिछले साल के आर्थिक सर्वेक्षण में 2022-23 के दौरान देश की जीडीपी विकास दर 8-8.5 फीसदी रहने का अनुमान जाहिर किया गया था। संसद के बजट सत्र में आज पेश हुए इकोनॉमिक सर्वे में सरकार ने बताया कि दुनियाभर में चली आ रही अनिश्चितता से भारत बार-बार प्रभावित हुआ, जिसकी वजह से जरूरी सामानों की कीमतों में वृद्धि दिखाई दी। हालांकि, अब हालात बदल रहे हैं और वस्तुओं के मूल्य कम हो रहे हैं। महंगाई के बढ़ने से दुनिया के कई देशों में विकास और व्यापारिक गतिविधियों पर मंदी के बादल मंडराने लगे हैं।

लेकिन भारत मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल और बफर स्टॉक की मजबूती से इन मुश्किल हालातों का सामना करने में सक्षम रहा है। सरकार ने कहा कि वित्त वर्ष 23 में दिसंबर 2022 तक भारत ने निर्यात के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं, वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और ग्लोबल इकोनॉमी में स्लोडाउन का असर भारत की अर्थव्यवस्था पर देखने को नहीं मिला। यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए टैक्स फ्री समझौतों के कारण आयात-निर्यात व्यवस्था अनुकूल तरीके से विकसित होगी।

### कर्ज और निवेश ने चलाया विकास का पहिया

आर्थिक सर्वे में सरकार ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बदले हुए रुख के चलते सरकार के सरप्लस कैश की स्थिति में सुधार हुआ है। नीतिगत दरों में वृद्धि के बाद उधार और जमा दरों में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा जून 2022 तक बॉन्ड प्रतिफल भी ऊपर रहा। बीते साल घरेलू बाजार में लोन की मांग काफी बढ़ी है। इस दौरान कमर्शियल बैंकों समेत नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन की ओर से बांटे गए लोन में अभूतपूर्व तरीके से बढ़ोतरी देखने मिली है। वहीं बीते साल कमर्शियल बैंक की वसूली दर भी सबसे ज्यादा रही।

### अर्थव्यवस्था को मिली मदद



आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, निजी खपत में वृद्धि से उत्पादन गतिविधियों को बढ़ावा मिला। बेहतर टीकाकरण व्यवस्था के कारण लोग एक बार फिर रेस्तरां, होटल, सिनेमाघरों व शॉपिंग मॉल में आ पाए और आर्थिक चक्र एक बार फिर कुछ हद तक पहले की तरह चलने लगा। केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय ने भी इसमें बड़ा योगदान दिया। सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 23 के पहले आठ महीने में केंद्र का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) 63.4 फीसदी बढ़ा। सर्वे में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि के 2 मुख्य कारण निजी खपत और पूंजी संरचना ही रही है। इससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है, जिसका सबूत कर्मचारी भविष्य निधि के पंजीकरण के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि, प्राइवेट कंपनियों द्वारा अब खर्च को बढ़ाकर रोजगार सृजन में अब अपनी भूमिका भी निभानी होगी।

**फिर भी खास रहा 2022**

भारत के लिए साल 2022 कई मायनों में खास रहा। डॉलर के मौजूदा मापदंड के अनुसार हम दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और मार्च तक खत्म होने वाले वित्तवर्ष में देश की नॉमिनल जीडीपी करीब 3.5 लाख करोड़ डॉलर होगी। इस दौरान अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की गति से बढ़ने का अनुमान है, जो दुनिया में अन्य किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश से कहीं ज्यादा है।

### निर्यात के मोर्चे पर बड़ी सफलता

भारत ने चालू वित्तवर्ष में तमाम दुश्वारियों के बावजूद बेहतर रणनीति और प्रबंधन के दम पर निर्यात के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। राष्ट्रपति ने भी कहा है कि भारत अब खरीदने नहीं, बल्कि बेचने वाला देश बन रहा है। पूरी दुनिया में मेड इन इंडिया की मांग बढ़ी है। मोदी सरकार देश को दुनिया की फैक्ट्री बनाने की रणनीति में सफल होती दिख रही, क्योंकि 2021-22 की तुलना में देखें तो चालू वित्तवर्ष के दौरान देश का निर्यात करीब 16 फीसदी बढ़ गया है। हालांकि, ग्लोबल मार्केट में उठापटक की वजह से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से आयात बिल पर जरूर बोझ पड़ा है।

**राज्यों की उधार लेने की क्षमता को बढ़ाया**

आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने कहा है कि केंद्र सरकार वित्तीय वर्ष 2023 में राजकोषीय घाटे की पूर्ति के लिए बजट अनुमान प्राप्त करने के ट्रैक पर है। वर्ष के पहले 8 महीनों में प्रत्यक्ष करों में वृद्धि उनके दीर्घावधि औसत की तुलना में बहुत अधिक रही है। केंद्र सरकार ने पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए राज्यों की उधार लेने की सीमा को बढ़ा दिया है।

## बजट की तरफ न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व का ध्यान : मोदी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बजट सत्र 2023 में शामिल होने से पहले संसद भवन परिसर में प्रेस वार्ता कर विपक्षी सांसदों को इशारों में बहुत कुछ कह दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आज उमंग की आवाज लेकर आ रही है। आज एक अहम अवसर है। भारत के वर्तमान राष्ट्रपति की आज पहली संयुक्त सदन को वो संबोधित करेंगी। आज नारी सम्मान का भी अवसर है।

दूर सुदूर जंगलों जीवन बसर करने वाले हमारे देश के महान आदिवासियों के सम्मान का समय है। न केवल सांसदो बल्कि आज पूरे देश के लिए गौरव का पल है कि भारत के राष्ट्रपति जी का आज पहला संबोधन हो रहा है।

**सांसदों से राष्ट्रपति के लिए अपील**

आज राष्ट्रपति का पहला अभिभाषण है, सभी सांसदों की तरफ से उमंग, उत्साह और ऊर्जा से भरा ये पल हो। मुझे विश्वास है कि सभी सांसद इस कसौटी पर खरे उतरेंगे। हमारी देश की वित्त मंत्री भी महिला हैं। वो कल आम बजट लेकर संसद में आएंगी। आज की वैश्विक परिस्थिति में भारत के बजट की तरफ न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व का ध्यान है। डंवाडोल विश्व की आर्थिक परिस्थिति में भारत का बजट भारत के सामान्य लोगों की आशा को पूरा करने का प्रयास करेगा ही, लेकिन विश्व जो आशा की किरण देख रहा है, उसे वो और अधिक प्रकाशमान नजर आए। मुझे भरोसा है कि निर्मला जी इन आशाओं को पूरा करने के लिए पूरा जोर लगाएंगी।

## भारत में महंगाई दर पांच प्रतिशत से नीचे रहने की संभावना : आइएमएफ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चालू वित्तीय वर्ष के 6.8% की तुलना में अगले वित्तीय वर्ष में भारत में महंगाई दर 5% से नीचे फिसलने की संभावना है। वर्ष 2024 में यह घटकर 4 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने मंगलवार को यह बात कही है। आइएमएफ के रिसर्च डिपार्टमेंट के डिविजन चीफ डेनियल लीघ के ने कहा है कि भारत में महंगाई दर 2022 के 6.8% की तुलना में 2023 में घटकर 5% पर पहुंचने की उम्मीद है। 2024 में इसमें और कमी आएगी और यह 4% पर पहुंच जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा केंद्रीय बैंक की ओर से उठाए गए कदमों से संभव हो सकेगा।

## स्पीड न्यूज

### विशाखापत्तनम होगी आंध्र प्रदेश की राजधानी

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी ने एलान किया है कि राज्य की अगली राजधानी विशाखापत्तम होगी। दरअसल, 2014 में तेलंगाना को आंध्र प्रदेश से अलग किए जाते वक्त हैदराबाद को 10 साल के लिए दोनों राज्यों की साझा राजाधानी घोषित किया गया था। यह समयावधि पूरी होने के बाद में हैदराबाद को तेलंगाना को सौंपे जाने का निर्णय हुआ।

### पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण का निधन

**नयी दिल्ली।** मोरारजी देसाई सरकार में कानून मंत्री रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शांति भूषण का मंगलवार को निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे।

### कर्नाटक की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

**बेंगलुरु।** इस साल कर्नाटक में होने वाले चुनावी रण में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने एलान भी कर दिया है कि वह राज्य की सभी 224 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

### फ्लाइट मामले में आरोपी शंकर मिश्रा को जमानत

**नयी दिल्ली।** 26 नवंबर को एयर इंडिया की फ्लाइट में एक महिला पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा को मंगलवार को पटियाला हाउस कोर्ट से जमानत मिल गई।

## 100 लोगों की मौत से गम में डूबा पाकिस्तान

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में खचाखच भरी एक मस्जिद में सोमवार को दोपहर की नमाज की दौरान एक तालिबानी आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोट कर खुद को उड़ा लेने से अबतक करीब 100 लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से अधिक अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार अपराह्न एक बजकर करीब 40 मिनट पर पुलिस लाइंस क्षेत्र के समीप जब नमाजी जौहर (दोपहर) की नमाज पढ़ रहे थे, तब अगली पंक्ति में बैठे आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया। उनके अनुसार विस्फोट के बाद मस्जिद की छत नमाजियों पर गिर गई। पेशावर पुलिस के अनुसार, मरने वालों में 90 प्रतिशत से अधिक पुलिसकर्मी हैं, जो 300 से 400 के बीच नमाज के लिए मस्जिद में एकत्र हुए थे। पुलिस ने कहा कि खुद को उड़ाने वाला आत्मघाती हमलावर पहली पंक्ति में मौजूद था। मृतकों में कम से कम पांच उप-निरीक्षक और मस्जिद के इमाम मौलाना नूरुल अमीन शामिल थे।

## एक मार्च से सभी निजी टीवी चैनल को 30 मिनट दिखाने होंगे जनहित से जुड़े प्रोग्राम

**सरकार का बड़ा निर्णय**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश के सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल ब्रॉडकास्टर को 1 मार्च से 30 मिनट का पब्लिक सर्विस ब्रॉडकास्ट करना अनिवार्य होगा। जानकारी सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने जारी की है। उन्होंने सभी टेलीकास्ट चैनल्स को राष्ट्रहित में इस तरह के एडवाइजरी जारी की है। इसके अलावा सभी से कहा गया है कि चैनल नॉन पीक ऑवर्स के दौरान सामग्री प्रसारित नहीं कर सकते हैं। सरकारी निर्देश में जरूरी है कि पब्लिक हित चलाई जाने वाली सामग्री का प्रसारण रात से सुबह 6 बजे के बीच नहीं किया जाएगा।

**पब्लिक सर्विस ब्रॉडकास्टिंग की थीम क्या रहेगी :** इसके तहत शिक्षण से जुड़ी सामग्री ब्रॉडकास्ट की जाएगी। साथ एग्रीकल्चर और गांव देहात के विकास से जुड़ी सामग्री प्रसारित की जाएगी। इसके अलावा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से जुड़ी चीजें दी जाएंगी। साइंस और टेक्नोलॉजी से जुड़ी सामग्री टीवी पर दिखाई जाएगी। इसके अलावा महिलाओं के हित से जुड़े, समाज के कमजोर और शोषित वर्ग, इसके अलावा पर्यावरण और सांस्कृतिक स्थलों से जुड़ी और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दे टीवी पर दिखाए जाएंगे। इसके अलावा जरुरत के तहत वॉटर कन्सर्वेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट से जुड़ी चीजें इस दौरान दिखाई जाएंगी।

### व्यभिचार के लिए अपने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं सशस्त्र बल

**नयी दिल्ली।** सशस्त्र बल व्यभिचार (एडल्टरी) के लिए अपने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को व्यभिचार को अपराध की श्रेणी से बाहर करने वाले वर्ष 2018 के ऐतिहासिक फैसले को स्पष्ट करते हुए व्यवस्था दी कि सशस्त्र बल व्यभिचार के लिए अपने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। जस्टिस के एम जोसेफ, जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस सी टी रविकुमार की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि उसका 2018 का फैसला सशस्त्र बल अधिनियमों के प्रावधानों से संबंधित नहीं था।

## गौतम अदाणी को 34 अरब डॉलर का नुकसान, टॉप 10 अमीरों की सूची से बाहर

**नयी दिल्ली।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति में शुमार गौतम अदाणी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। तीन दिन में उनके समूह की कंपनियों को 34 अरब डॉलर का घाटा हुआ है। इतना ही नहीं ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में भी अदाणी शीर्ष दस अमीरों की सूची से बाहर हो गए हैं। इंडेक्स में अदाणी चौथे स्थान से गिरकर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं और उनके समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट जारी है। अनुमान है कि जल्द ही गौतम अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब भी खो सकते हैं।

**नेटवर्थ घटकर 84.4 अरब डॉलर पहुंची :** अदाणी की नेटवर्थ घटकर 84.4 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। वह अब रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी से सिर्फ एक पायदान ऊपर हैं। अंबानी की कुल संपत्ति 82.2 बिलियन डॉलर है।

74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
ट्रैक एंड टावर्स लिमिटेड
आईये हमसभी मिलकर देश के विकास में योगदान दें।

झारखण्ड प्रदेश समेत समस्त लातेहार क्षेत्रवासियों को 74वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



धनदेव सिंह
रोजगार सेवक पांडेयपुरा
संजीव भगत
राजगार सेवक
शारू अंसारी
लातेहार
अख्तर हुसैन
रोजगार सेवक परसही
साकेत कुमार
पंचायत सेवक पांडेयपुरा

अखिल झारखण्ड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन की ओर से 74 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान भारत का गौरव भारत की पहचान
मजदूर है वो पर इंसान है उसके भी हक में सम्मान है
दिनभर मेहनत से ईमानदारी की बीज बोता है इसलिए मजदूर रात में सुकून से सोता है



चंदन कुमार
चिकित्सीय सलाहकार
बिलासी तोपनो
केंद्रीय कोषाध्यक्ष
भोला सिंह
जिला संरक्षक लातेहार
प्रदीप उपाध्याय
कानूनी सलाहकार
सेलेस्टाइन कुजूर
केंद्रीय उपाध्यक्ष
दिलेश्वर कुमार यादव



केंद्रीय अध्यक्ष
बालकेश्वर उरांव



जिला अध्यक्ष लातेहार

74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त कांग्रेस नेता कार्यकर्ता समेत लातेहार जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर कृत संकल्पित





रामचंद्र सिंह
कांग्रेस विधायक मनिका विधानसभा क्षेत्र



हरिशंकर यादव
विधायक प्रतिनिधि